

रांची, बुधवार , 17 जून 2026

संवत 2083, शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल 2 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 273 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 सार्वजनिक जीवन में विश्वास की पूंजी

शिल्पा शेट्टी ने मोबिलिटी चैलेंज वर्कआउट के साथ मंडे मोटिवेशन की डोज दी 6


# रांची में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दफ्तर पर फेंका गया पेट्रोल बम

संवाददाता

**रांची:** राजधानी रांची के निवारणपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दफ्तर पर देर रात पेट्रोल बम से हमला करने की कोशिश की गई है। पुलिस के अनुसार मंगलवार देर रात दो अपराधियों के द्वारा सॉस की बोतल में पेट्रोल भरकर आरएसएस दफ्तर के अंदर फेंकने की कोशिश की गई। हालांकि बाउंड्री से ठीक पहले ही दोनों बोतल गिर गए। इस हमले में आरएसएस कार्यालय को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

मामले की जानकारी मिलने के बाद रांची पुलिस घटना में शामिल हमलवारों की तलाश में जुट गई है। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद घटना की जांच शुरू कर दी गई है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में दो युवक शामिल थे। मामले की जांच के लिए एफएसएल सहित कई टीमों को लगाया गया है।



**हमले का सीसीटीवी फुटेज आया सामने :** रांची पुलिस को इस मामले में सीसीटीवी फुटेज भी हाथ लगी है, जिसमें दो हमलावर पेट्रोल बम से आरएसएस कार्यालय पर फेंकने की कोशिश करते दिख रहे हैं। पहली बोतल फेंकते समय आग लगा हुआ सुतली जमीन पर गिर गया, जिसकी वजह से पेट्रोल बम बेअसर हो गया। इसके बाद दूसरा पेट्रोल बम फेंका गया, लेकिन वह कार्यालय तक पहुंचा ही नहीं। इस पूरे मामले की जांच की गई, जिसमें पता चला है कि पेट्रोल बम बनाने के लिए चिली सॉस की बोतल को हथियार बनाया गया था।

**होटल से जुड़ा विवाद आ रहा है सामने :** इधर, स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार आरएसएस कार्यालय के पास स्थित एक होटल के कुछ कर्मचारी पूरे मामले में संदिग्ध है। कुछ दिन पहले आरएसएस कार्यालय के कुछ लोगों के द्वारा गंदगी और अन्य वजह से होटल के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई थी। इसी के बाद से यह विवाद चला आ रहा था। पुलिस को भी आशंका है कि इस हमले में होटल के कर्मचारियों का हाथ है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

**बाबूलाल सहित कई पहुंचे :** मामले की जानकारी मिलते ही केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी सहित कई भाजपा विधायक और कार्यकर्ता आरएसएस ऑफिस पहुंचे। भाजपा नेताओं ने राजधानी की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की गई।

इस घटना पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह घटना काफी गंभीर है। अगर हमला सफल हो जाता तो कार्यालय के अधिकारी इसकी चपेट में आ सकते थे। मामले को लेकर डीजीपी से बात हुई है। इसकी गहनता से जांच होनी चाहिए ताकि जल्द से जल्द मामले का खुलासा हो सके।

वहीं, भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दो पेट्रोल बम फेंके गए। एक हिन्दू संगठन पर इस तरह हमला होना कोई छोटी बात नहीं है। इलाके में पुलिस पीकेट बनानी चाहिए ताकि दोबार ऐसी घटना न हो। वहीं, भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि यह हमला सिर्फ एक दफ्तर पर नहीं बल्कि सभी सनातनियों पर हमला है। इसका राज्यसभा चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है।

# वाराणसी से रांची आ रही बस दुर्घटनाग्रस्त फार्मा कर्मी की मौत, 22 घायल

**औरंगाबाद/रांची :** वाराणसी से मंगलवार रात रांची के लिए निकली रेखा बस बिहार के औरंगाबाद जिले में सड़क हादसे का शिकार हो गई। यह दुर्घटना ठल-19 पर मदनपुर थाना क्षेत्र के पहारचापी मोड़ के समीप मंगलवार की अहले सुबह हुई, जब बस ने सड़क निर्माण कार्य में लगी डंपर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक फार्मा कर्मी की मौत हो गई, जबकि 22 यात्री घायल हो गए।

मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के राजा तालाब निवासी 35 वर्षीय बाबू विवेक सिंह के रूप में हुई है। वह एक फार्मा कंपनी में कार्यरत थे और कंपनी के काम से अपने सहयोगी आशु पटेल के साथ रांची जा रहे थे। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल विवेक सिंह को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, रेखा बस सोमवार रात करीब नौ बजे वाराणसी से रांची के लिए रवाना हुई थी। मंगलवार की सुबह करीब दो बजे मदनपुर थाना क्षेत्र के पहारचापी मोड़ के पास चालक का नियंत्रण बस से हट गया और बस आगे चल रहे डंपर ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।



घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। इसके बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों और पुलिस के सहयोग से सभी घायलों को बस से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर और सदर अस्पताल औरंगाबाद भेजा गया।

घायलों में वाराणसी निवासी मनेश गुप्ता, संजय राम, मनिकेश सिंह, अमन मिश्रा, दुलारी देवी समेत कई अन्य यात्री शामिल हैं। अधिकांश घायल वाराणसी के शहरी क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है।

मृतक के सहयोगी आशु पटेल ने बताया कि घटना की जानकारी विवेक सिंह के परिजनों को दे दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मदनपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इस हादसे के बाद कुछ समय के लिए ठल-19 पर यातायात भी प्रभावित रहा।

## हरमू रोड में स्कूली बच्चों से भरा ऑटो पलटा, कई घायल

**रांची :** राजधानी रांची के हरमू रोड में बुधवार सुबह स्कूली बच्चों को लेकर जा रहा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के समय ऑटो में करीब 10 बच्चे सवार थे। दुर्घटना में कई बच्चों को चोटें आईं हैं। हालांकि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बच्चों को ऑटो से बाहर निकाला और स्कूल आई-कार्ड के आधार पर उनके परिजनों को सूचना दी। कुछ ही देर में परिजन मौके पर पहुंच गए और बच्चों को अपने साथ ले गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हादसे के काफी देर बाद तक न तो एंबुलेंस पहुंची और न ही पुलिस की टीम मौके पर दिखाई दी। वहीं, ऑटो में क्षमता से अधिक बच्चों के सवार होने की भी चर्चा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## होर्मुज में बढ़ी जहाजों की आवाजाही, ईरान के तीन तेल टैंकरों ने अमेरिकी नाकेबंदी को किया पार

**तेहरान ।** होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही बढ़ने लगी है। मैरीटाइम एनालिसिस फर्म विंडवर्ड ने बताया कि मंगलवार को 14 जहाज स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरे, जो इस महीने का सबसे बड़ा दैनिक आंकड़ा है। जो इस महीने का अब तक का सबसे बड़ा दैनिक आंकड़ा है। इस बढ़ोतरी को शिपिंग कंपनियों के बीच धीरे-धीरे लौटते भरोसे के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अमेरिकी प्रतिबंधों के तहत सूचीबद्ध एक जहाज ह्यसोफिया 1ह्ल ने भी होर्मुज स्ट्रेट को पार किया। इसे पहले अमेरिकी वित्त विभाग द्वारा ईरान के तेल परिवहन नेटवर्क से जुड़े जहाजों में शामिल किया गया था और इस पर द्वितीयक प्रतिबंध भी लगाए गए थे। समुद्री गतिविधियों पर नजर रखने वाली संस्था टैंकरट्रैकर्स के मुताबिक, पीस डील ऐलान के बाद से ईरान का तीसरा तेल टैंकर अमेरिकी नौसेना की नाकाबंदी को पार कर गया। टैंकरट्रैकर्स ने बताया कि नेशनल ईरानियन टैंकर कंपनी (एनआईटीसी) का टैंकर सोनिया-1 करीब 10 लाख बैरल कच्चा तेल लेकर रवाना हुआ था। इससे पहले इसी सप्ताह एनआईटीसी के दो टैंकर डायोना और हीरो-2 भी अमेरिकी नाकाबंदी पार कर निकले थे। इन दोनों जहाजों में कुल 38 लाख बैरल ईरानी कच्चा तेल लदा था। हालांकि, मौजूदा ट्रैफिक अभी भी युद्ध से पहले के स्तर से काफी कम है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, संघर्ष शुरू होने से पहले इस होर्मुज से औसतन करीब 130 जहाज प्रतिदिन गुजरते थे। विंडवर्ड ने कहा कि कई शिपिंग कंपनियां अभी भी पूरा भरोसा जुटा नहीं पाई हैं, वो इंतजार कर रही हैं। जहाज मालिकों का कहना है कि वे तब तक होर्मुज से जहाज नहीं भेजेंगे, जब तक जहाजों पर हमले का खतरा पूरी तरह से खत्म नहीं हो जाता।

# राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने को तैयारः व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन/ नई दिल्ली ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत-अमेरिका संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हैं। दोनों नेता फ्रांस में द्विपक्षीय बातचीत की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें व्यापार, तकनीक, निवेश और वैश्विक सुरक्षा मुख्य एजेंडा होंगे। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता कुश देसाई ने आईएएनएस को बताया, राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच गहरी दोस्ती है। उनके नेतृत्व में, ट्रंप प्रशासन और भारत सरकार हमारे दोनों देशों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हैं। फरवरी में हुई शिखर बैठक के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात होगी। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब संभावित व्यापार समझौते पर चर्चा चल रही है और पश्चिम एशिया के संकट को हल करने के लिए राजनयिक प्रयास जारी हैं। व्हाइट हाउस ने कहा कि ट्रंप और पीएम मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान मिलेंगे। व्हाइट हाउस के अनुसार, दोनों नेता आर्थिक विकास, सप्लाई चेन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, निवेश साझेदारी और कई वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा करेंगे।



कुश देसाई ने बताया, राष्ट्रपति ट्रंप ने हमेशा भारत के साथ अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी के लिए अपना समर्थन जताया है। उन्होंने विदेश मंत्री मार्को रुबियो की हालिया भारत यात्रा का उल्लेख किया और कहा, मार्को रुबियो ने व्यापार और राष्ट्रीय सुरक्षा पर दोनों देशों के बीच सहयोग को गहरा करने के ट्रंप के प्रयासों को आगे बढ़ाया है।

उन्होंने कहा, विदेश मंत्री मार्को रुबियो की हालिया भारत यात्रा ने दोनों देशों के बीच व्यापार और राष्ट्रीय सुरक्षा सहयोग को और मजबूत किया है, जिसमें महत्वपूर्ण खनिजों पर एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर करना भी शामिल है।

वहीं, विशेषज्ञों ने कहा कि इस बैठक से ठोस परिणामों के साथ-साथ मजबूत राजनीतिक संदेश की भी उम्मीद है। हडसन इंस्टीट्यूट की सीनियर वरिष्ठ अपर्णा पांडे ने कहा कि इस बैठक से काफी अपेक्षाएं हैं।

अपणापांडे ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की आमने-सामने की यह बैठक पिछले फरवरी में हुई शिखर बैठक के बाद पहली होगी। दोनों पक्षों को इस बैठक से काफी उम्मीदें हैं, जो पश्चिम एशिया संकट के संभावित समाधान और व्यापार समझौते पर चर्चा के बीच हो रही है।

अपर्णा पांडे ने कहा कि इस बैठक में प्रतीकात्मकता और ठोस परिणाम दोनों ही महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने कहा, दोनों नेता यह दशार्ना चाहेंगे कि मुश्किल हालात के बावजूद दोनों लोकतंत्रों के बीच रिश्ते मजबूत बने हुए हैं और वे रक्षा व तकनीक से जुड़े कुछ समझौतों की घोषणा करने के इच्छुक होंगे।

उत्तरी अमेरिका में अलब्राइट स्टोनब्रिज ग्रुप के पार्टनर आत्मन त्रिवेदी ने इस बैठक को द्विपक्षीय संबंधों में तेजी लाने का एक अवसर बताया। त्रिवेदी ने आईएएनएस से कहा, दोनों नेताओं की यह बैठक रिश्तों को नए सिरे से शुरू करने का सबसे अच्छा और नया अवसर है। उनकी यह बातचीत ओमान की खाड़ी में भारतीय नाविकों की मौत के बाद हो रही है, जिसने द्विपक्षीय संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की उम्मीदों को झटका दिया था।

इसके साथ ही, अलब्राइट स्टोनब्रिज ग्रुप के पार्टनर आत्मन त्रिवेदी ने बड़ी सफलता की उम्मीद न रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा, उम्मीदें सीमित होनी चाहिए और मुख्य रूप से इस बात पर केंद्रित होनी चाहिए कि ट्रंप और मोदी ऊर्जा, रक्षा और तकनीक सहयोग में लंबे समय से चले आ रहे साझा हितों के लिए एक-दूसरे के महत्व को फिर से दोहराएं। इससे पहले मंगलवार को, राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी ने जी-7 के 'नई साझेदारियां बनाने और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को फिर से मजबूत करने' पर आयोजित सत्र के दौरान एक-दूसरे का अभिवादन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इवियन पहुंचकर कहा कि वह वैश्विक मुद्दों पर विश्व नेताओं के साथ चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं।




हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा निवारण दिवस

प्रति वर्ष मरुस्थलीकरण और सूखा निवारण दिवस पर हम भूमि और जल के महत्व पर चिंतन करते हैं। मरुस्थलीकरण और सूखा निवारण दिवस 2026 का विषय "चारागाह पहचानें। सम्मान करें। पुनर्स्थापित करें" है। यह हमें दर्शाता है कि पृथ्वी की आधी से अधिक सतह को आच्छादित करने वाले चारागाह खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता और जलवायु सहनशीलता बनाए रखने में कितने महत्वपूर्ण हैं। कई पीढ़ियों से पशुपालक और आदिवासी समुदाय अपनी संरक्षकता के माध्यम से इन भू-भागों की सुरक्षा करते आए हैं।

झारखण्ड राज्य जो समृद्ध वनों, उपजाऊ मिट्टी और विविध पारिस्थितिक तंत्रों से संपन्न है, आज वनों की कटाई, भूक्षरण और जल संकट जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। ये खतरे हमारे कृषि, जल संसाधनों और असंख्य परिवारों की आजीविका को प्रभावित कर रहे हैं। वैश्विक समुदाय का हिस्सा होने के नाते हमें अपनी भूमि के मूल्य को पहचानना होगा, पारंपरिक ज्ञान का सम्मान करना होगा और बंजर क्षेत्रों को पुनर्स्थापित करना होगा ताकि एक सतत् भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

यह दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारी भूमि का स्वास्थ्य हमारे लोगों की समृद्धि से जुड़ा हुआ है। जल संरक्षण, वनों की रक्षा, पर्यावरण से अनुकूल खेती अपनाने और भूमि क्षरण को रोकने के माध्यम से हम झारखण्ड की प्राकृतिक संपदा को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रख सकते हैं। हमारी भूमि ही हमारा जीवन है और इसे पहचान कर, सम्मान देकर और पुनर्स्थापित करके हम न केवल अपने पर्यावरण की रक्षा करते हैं, बल्कि अपने बच्चों के भविष्य को भी सुरक्षित बनाते हैं।

जोहार !

PR No: 382549(Forest,Environment and Climate Changes)26-27

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड

## समाचार सार



## प्रतापपुर में स्कूल की छत से सोलर प्लेट चुराने वाला चोर गिरफ्तार

**चतरा :** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र में सरकारी स्कूल से सोलर प्लेट चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई तीनों सोलर प्लेट बरामद कर ली हैं। मामला लिदीक गांव का है, जहां बीते 13 जून की रात उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय की छत से तीन सोलर प्लेट चोरी हो गई थीं। इस संबंध में विद्यालय के अध्यक्ष द्वारा प्रतापपुर थाने में बीएनएस की सुसंगत धाराओं के तहत कांड संख्या 57/2026 दर्ज कराई गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने बभने तालाब के पास से घेराबंदी कर परहियाडीह निवासी अभियुक्त विनय कुमार पिता द्वारिका यादव को चोरी की तीनों सोलर प्लेट के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है, जबकि मामले में शामिल अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है।

## गिद्धौर में महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी




**चतरा :** जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र के दवारी गांव में एक महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची गिद्धौर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की तफ्तीश में जुट गई है। मृतका की पहचान दवारी गांव निवासी गांगों भारती की पत्नी राधो देवी के रूप में हुई है। सुबह जब उसकी सहेली महुआ का फल चुनने के लिए उसे बुलाने घर गई, तब उसने राधो देवी का शव साड़ी के फंदे से लटकता पाया। सूत्रों के मुताबिक, कुछ साल पहले घर में लगी भीषण आग में महिला के कई बच्चों की जान चली गई थी, जिसके बाद से उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था और वह अत्यधिक शराब का सेवन करने लगी थी। घटना के वक्त उसका पति दिल्ली में था। थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री ने बताया कि पुलिस यूडी केस दर्ज कर मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## हंटरगंज में दो किन्नरों के विवाद ने पकड़ा तूल,थाने में घंटों चला हाईवोल्टेज ड्रामा



**चतरा :** जिले के हंटरगंज में मंगलवार की सुबह 9 बजे दो किन्नरों के बीच हुए विवाद ने उस समय तूल पकड़ लिया जब दोनों पक्षों के बीच जमकर कहासुनी, नोंकझोंक और हंगामा होने लगा।देखते ही देखते स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। किसी ने इसकी जानकारी हंटरगंज थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों किन्नरों को थाना ले आई।घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी थाना पहुंच गए। थाना परिसर में काफी देर तक लोगों की भीड़ लगी रही और मामले को लेकर तरह-तरह की चचाएं होती रहीं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने दोनों पक्षों की बातें सुनकर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आपसी विवाद के कारण माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गया था। फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल कर मामला को शांत करवा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार हंटरगंज निवासी राधिका किन्नर के घर 18 मई को बिहार के सासाराम जिले के ताराचण्डी गांव के निशा किन्नर पहुंची थी। वह साथ में काम करना चाहती थी। करीब एक सप्ताह तक दोनों के बीच संबंध ठीक चला। लेकिन उसके बाद निशा ने राधिका से 20 हजार रुपए की मांग की। राधिका ने 20 हजार रुपए दे भी दिए। निशा ने इस रुपए को रिश्तेदार के घर भेज दी। निशा ने आरोप लगाया कि जैसे ही मैंने पैसा लिया उसके बाद राधिका मुझे प्रताड़ित करने लगी। हालांकि उसने अपने पायल बेचकर 15 हजार रुपए वापस भी कर दिए। लेकिन पांच हजार रुपए नहीं देने के बाद आरोप में राधिका उसके साथ शारीरिक प्रताड़ित करने लगी। वही नोंकझोंक के बाद ग्रामीणों ने उसे बचाया और थाना को सूचना दी। हालांकि राधिका ने अपने ऊपर लगे सारे आरोपों को खारिज कर दिया। उनका कहना है की वह यहां हमे बदनाम करने पहुंची थी और एरिया कब्जाना चाहती थी। उसका कुछ ग्रामीण सहयोग कर रहे थे। इसी वजह से वह झूठे आरोप लगा रही है। इधर हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया की दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत करवा ली गई है। वही निशा किन्नर को उसके घर बिहार भेज दिया गया है। हालांकि कोई पक्षों के द्वारा थाने में लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

## मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव एवं रोकथाम के लिए क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन



**खूंटी :** उपायुक्त मो० जावेद हुसैन के निर्देशानुसार मादक पदार्थों के सेवन के प्रति जागरूकता फैलाने एवं इसके दुष्प्रभावों से बचाव के उद्देश्य से मंगलवार को बिरसा मुण्डा हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले में संचालित बालक हॉकी आवासीय प्रशिक्षण केंद्र तथा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की बालिका प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने खेल और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने तथा मादक पदार्थों से दूर रहने का संदेश दिया। दौड़ के दौरान खिलाड़ियों ने ‍‍‍‍‍‍‍‍“नशे को ना, जिंदगी को हाँ” जैसे नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया और नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का विकास करता है।

# 13 लाख रु मूल्य की अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**संवाददाता**

**चतरा :** चतरा के पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के सिरकोल गांव से 2 किलो 567 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक तस्कर मनीष मुण्डा को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सिमरिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम भाऊ साहेब ने बताया कि सोमवार को पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को सूचना मिली थी कि पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के सिरकौल गांव स्थित सड़क से होते हुए कुछ लोग खूंटी जिला से अवैध मादक पदार्थ अफीम की बिक्री करने हेतु गिद्धौर थाना क्षेत्र की ओर जा रहे है। सूचना पर त्वरीत कार्रवाई करते हुए उनके नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने थाना अन्तर्गत सिरकोल गांव जाने वाली पक्की सड़क के मोड के पास से मनीष मुण्डा (28 वर्ष) को 2 किलो 567 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर थाना क्षेत्र के खैरा, बड़कीटॉड़ का रहनेवाला है। तस्कर के पास से एक मोबाईल और एक मोटरसाइकिल को भी जप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद अफीम की अनुमानित मूल्य लगभग 13 लाख रु आंकी गई है। इस सम्बंध में पत्थलगड्डा थाना कांड संख्या-44/2026, दिनांक-15.06.2026, धारा-17 (सी) 18 (सी) 21 (सी)/25/27/28/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### नियमित और स्वैच्छिक रक्तदाताओं को मिला सम्मान

# बढ़ाया गया रक्तदान के प्रति उत्साह

### झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के तत्वावधान में रेड क्रॉस भवन में हुआ सम्मान समारोह

**संवाददाता**



**चतरा :** झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के तत्वावधान में नियमित एवं स्वैच्छिक रक्तदाताओं के सम्मान में रेड क्रॉस सोसाइटी भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिले के चिन्हित 16 समर्पित रक्तदाताओं को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर अस्पताल चतरा के उपाधीक्षक डॉ. पंकज कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव धर्मेंद्र पाठक ने की। उन्होंने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए रक्तदान के महत्व और समाज में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम का संचालन रेड क्रॉस के कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार वर्मा ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि रक्तदाताओं का सम्मान करना झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी की सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजनों से रक्तदान करने वाले लोगों का मनोबल बढ़ता है और दूसरे युवा भी प्रेरित होकर रक्तदान के लिए आगे आते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है। रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती, बल्कि जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलता है। समाज के हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

इस दौरान रक्तवीर मृत्युंजय सिंह, विवेक केशरी, डॉ. पंकज कुमार, पंकज राज, चंद्रशेखर कुमार यादव, शुभम राज, मोनाल कुमार सिन्हा, प्रिंस कुमार,गोल्डन कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह,उमेश राज, पंकज यादव,अक्षत जैन, नंदकिशोर सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेड क्रॉस के स्टाफ रत्नेश कुमार, विजय कुमार, रमेश कुमार, मधुलता कुमारी, तापेश्वर प्रसाद सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खाकी का मानवीय चेहरा:थाना प्रभारी ने गरीब बच्चों का जीता दिल ,बच्चों के बीच बिस्किट और टॉफी का किया वितरण



**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार का मानवीय पहलू भी देखने को मिला है। थाना प्रभारी ने पुलिस कर्मियों के साथ थाना परिसर पर पहुंचे असहाय गरीब परिवार के बच्चों को बिस्किट और चॉकलेट का वितरण किया। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। दरअसल हंटरगंज बाजार में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान अचानक सैकड़ों बच्चें थाना परिसर पहुंच गए। थाना प्रभारी ने बिना देर के तुरंत बच्चों को बिस्किट और चॉकलेट का वितरण किया। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।थाना प्रभारी ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए नियमित रूप से स्कूल जाने और अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की आज हंटरगंज नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें हम सभी संकल्प ले की भविष्य में कभी भी नशा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की मदद करना हम सभी की जिम्मेदारी है। थाना प्रभारी ने साबित कर दिया कि पुलिस की छवि केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशीलता और मानवीय सरोकारों का भी परिचाय है।स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास और मजबूत होता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुलिस के इस स्नेहपूर्ण व्यवहार के प्रति खुशी जताई।

# उपायुक्त ने उत्कृष्ट विद्यालयों का किया निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर परीक्षा परिणाम पर दिया जोर

**संवाददाता**



**खूंटी :** उपायुक्त मो० जावेद हुसैन ने बुधवार को जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी एवं मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कर्रा का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों, आधारभूत सुविधाओं तथा पठन-पाठन व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों एवं संबंधित पदाधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर परीक्षा परिणाम तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने शिक्षकों की उपस्थिति, छात्र-छात्राओं की संख्या, कक्षाओं के संचालन, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों के साथ संवाद कर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की और वर्ष में कम से कम चार बार पेरेंट्स-टीचर मीटिंग आयोजित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पढ़ाई में अपेक्षाकृत कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके अभिभावकों को नियमित रूप से उनकी प्रगति एवं चुनौतियों की जानकारी दी जाए। साथ ही कमजोर छात्रों के लिए विशेष रणनीति बनाकर अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया जाए, ताकि प्रत्येक बच्चे के सीखने के स्तर में सुधार हो सके।

पूर्व परीक्षाओं के परिणामों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी विषयों का पाठ्यक्रम निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने की बात भी कही, ताकि अन्य छात्र-छात्राएं भी प्रेरित होकर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

उपायुक्त ने विद्यालय में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, समय पर कक्षाओं का संचालन करने तथा अनुशासित एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। इसके बाद उपायुक्त ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कर्रा का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने छात्राओं की उपस्थिति, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, भोजन व्यवस्था, सीसीटीवी, शिक्षकों की उपलब्धता एवं पुस्तकालय सहित अन्य सुविधाओं की समीक्षा की।

उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रही छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए तथा समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण कराया जाए, ताकि परीक्षा परिणाम में निरंतर सुधार सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य संवारने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं शिक्षकों से समन्वित रूप से कार्य करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर मार्गदर्शन और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने की अपील की। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश, जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील, प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्रा स्मिता नागेशिया सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आयुष्मान कार्ड एवं आधार पंजीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

# उपायुक्त ने समीक्षा बैठक कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी एवं भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुष्मान कार्ड निर्माण, आधार पंजीकरण तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को जोड़ने की प्रगति की समीक्षा की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने कॉमन सर्विस सेंटर प्रबंधक को निर्देश दिया कि जिले में लंबित आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर एक माह के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि सभी पात्र लाभुकों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा कोई भी पात्र लाभुक इससे वंचित नहीं रहना चाहिए।आधार पंजीकरण की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग की महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देश दिया कि जिले के सभी बच्चों का आधार पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए विद्यालयों एवं पंचायत भवनों में विशेष शिविर आयोजित कर आधार नामांकन एवं अद्यतन कार्य में तेजी लाई जाए।उपायुक्त ने कहा कि बच्चों का आधार कार्ड बन जाने से बैंक खाते खोलने, छात्रवृत्ति, पेंशन, पोषण एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। साथ ही विभिन्न आवश्यक दस्तावेजों के निर्माण एवं सरकारी सेवाओं तक पहुंच भी सुगम हो सकेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान मोड में कार्य करने का निर्देश दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, डीआरडीए निदेशक श्रीमती अलका कुमारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रीमती वेदवंती कुमारी, ईडीएम रितेश कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## तपकरा-बरदा मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, दो युवकों की मौत



**खूंटी :** जिले के तपकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तपकरा से बरदा जाने वाली मुख्य सड़क पर मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में पल्सर एनएस मोटरसाइकिल और डियो स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार करीब 3 बजे तपकरा-बरदा मार्ग पर पल्सर एनएस मोटरसाइकिल और डियो स्कूटी के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहन सड़क पर बिखर गए और आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए इसकी सूचना तपकरा थाना पुलिस को दी। घटना में डियो स्कूटी सवार की पहचान रनिया थाना क्षेत्र के डेम्बुकेल गांव निवासी संतोष गुड़िया के रूप में हुई है, जबकि पल्सर एनएस मोटरसाइकिल सवार की पहचान बरदा गांव निवासी अनुज गुड़िया के रूप में की गई है। सूचना मिलते ही तपकरा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से तत्काल रेफरल अस्पताल तोरपा भेजा गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों का इलाज शुरू किया, लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बचाया नहीं जा सका। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। बताया गया है कि शवों का पोस्टमार्टम बुधवार को कराया जाएगा, जिसके बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा। हादसे की सूचना मिलते ही दोनों मृतकों के परिजन और गांव के लोग बड़ी संख्या में रेफरल अस्पताल तोरपा पहुंच गए। अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। इस दुखद घटना से डेम्बुकेल और बरदा गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों युवक अपने-अपने परिवार के जिम्मेदार सदस्य थे और उनकी असमय मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और आमने-सामने की टक्कर को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## जिलास्तरीय अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ की बैठक शांति पूर्ण रूप से सम्पन्न

**चतरा :** चतरा नगर स्थित साईं रेसिडेंसी हॉल में अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ, चतरा नगर कमिटी के तत्वधान में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश मंत्री ताराचंद सोनी जी के द्वारा किया गया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष हलखोरी साव जी, प्रदेश महामंत्री अवधेश प्रसाद जी, प्रदेश महासचिव अखिलेश प्रसाद सोनी जी, नगर अध्यक्ष प्रेम सोनी जी उपस्थित थे।इस अहम बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संतोष सोनी जी ने समाज की उत्थान हेतु पुनर्विवाह, शिक्षा, स्वास्थ एवं स्वर्णकार भवन निर्माण हेतु मां भद्रकाली मंदिर के प्रांगण में जमीन देने की बात कही।प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जी ने स्वर्णकार व्यवसायियों पर हो रही लुट - मार अत्याचार को लेकर कठोर निंदा किया।बैठक में मुख्य रूप से चतरा नगर के महासचिव दीपक कुमार सोनी उर्फ गुड्डू सोनी जी, संरक्षक शंकर प्रसाद सोनी, कृष्णा सोनी व निर्मल सोनी, उपाध्यक्ष अंबिका सोनी, शंभू प्र सोनी,शिव सोनी,नरेश सोनी, विनय सोनी, प्रभु सोनी, अशोक सोनी, रंजीत सोनी, बीगन सोनी, सुरज कु ,गौतम सोनी,दयानंद सोनी,संतोष सोनी,दिनेश कुमार,मनोज सोनी,सुनील कु,चंदन सोनी, मुन्ना सोनी, जीतू सोनी, राजेश कु ,राजन वर्मा, विजय सोनी, प्रदीप सोनी, आशुतोष सोनी, संदीप सोनी, बब्लू सोनी, अमित कु, डब्लू सोनी, अखिलेश सोनी, सह-संरक्षक संजय सोनी, सत्यदेव प्र.(इटखोरी), सुरेन्द्र प्रसाद वर्मा, आदित्य सोनी (इटखोरी), मिथिलेश सोनी, पवन कुमार सोनी, संजय सोनी (पितीज), कन्हैया सोनी के साथ जिले के सैकड़ों स्वर्णकार बंधु उपस्थित थे तथा बैठक को सफल बनाने में अहम अपनी - अपनी भूमिका निभाई।

## सिल्ली मुरी में बिजली की हालत खराब

**मुरी :** पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो का सिल्ली विधानसभा का क्षेत्र की बिजली की हालत बहुत बुरी है।जब से विधायक नहीं रहे क्षेत्र में आम जनता के समस्याओं से दुर होते चले जा रहे हैं। सुदेश महतो का हर जगह आदमी है ,छोटे -छोटे छुट भैया नेता गली- गली चौक चौराहों पर मिल जाएगें, पर कोई जन समस्या आ गया ,तो सुदेश महतो से मिलिए बोल कर जिम्मेदारी से पलड़ा झाड़ देते हैं। यही कारण है कि यहाँ के जनता का रूझान देवेंद्र नाथ महतो की तरफ होता जा रहा है।रात हो या दिन बिजली की आंख मिचौली से जनता दशकों से परेशान है। बिजली के मामले में एक चीज ज्यादा प्रचलित है जरा सा भी बादल घिर जाए या हवा चले, बिजली विभाग एक ही बात बोलता है कि हवा के कारण तार में पेड़ की टहनी जंगल में गिर गया है कब आएगा पता नहीं। सुदेश महतो से सबको उम्मीद था, पर वो भी धीरे -धीरे साथ छोड़ रहे हैं।

## सिंगपुर चौक पर धूल के प्रदूषण से लोग परेशान



**मुरी :** मुरी- गोला रोड पर चलने वाली बड़ी -बड़ी गाडियों के धुल से आम जनता परेशान है। धुल इतना जबर्दस्त है कि लोगों को समाने की कोई भी चीज स्पष्ट दिखाई नहीं देती है। रोड के सटे दुकान या मकान के लोग सबसे ज्यादा झेल रहे हैं। ये बात केवल सिंगपुर चौक का ही नहीं है झारखंड मोड़ से गेडेवीर करीब 14 किमी रास्ता धुल के चपेट में है। गेडेवीर से झारखंड मोड़ तक चार लेन का सड़क बन रहा है साल भर से उपर हो गया है पर अभी तक पुरा नही हो सका है। काम काफी धीरे धीरे चल रहा है। बीच बीच में काम बंद भी देखने को मिलता है। लपरवाही इतनी है कि एक साइड का रास्ता खोद कर ऐसे ही काफी दिनों तक छोड़ दिया जाता है। साल भर में कितनों की गाडियाँ फंसी, स्कूल के बच्चे स्कूल नहीं जा पाए। इस रास्ते में तीन चार जगह पुल भी बन रहा है वहाँ भी धुल जबर्दस्त उडता है। संत माइकल स्कूल और डीएवी स्कूल इसी रास्ते पर है। धुल उडने के कारण स्कुली बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड रहा है। समाजसेवी निर्मल महतो ने चिंता व्यक्त की कि ऐसा कुछ दिन और रहा तो धुल के प्रदुषण के कारण लोग सांस के रोग से पीड़ित होगे। सांसद, बिधायक, पंचायत प्रतिनिधि या आम जनता का इस ओर ध्यान नही है। ना ही कोई उलगुलान है। गत दिन सांसद का सिल्ली दौरा था पर उनके स्थानीय नेता भी सांसद को ध्यान नही दिलाया, केवल अर्चरी सेंटर धुमा लाए।

## नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के पांचवें दिन उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, 60 लोगों ने ली गुरु दीक्षा

**रांची :** नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथामृतम कार्यक्रम के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संतोष कुमार संगम ने कहा कि मनुष्य को वही कार्य करना चाहिए जिससे सभी का हित हो। उन्होंने कहा कि विचारों को संयमित रखने के लिए उन्हें किसी श्रेष्ठ उद्देश्य से जोड़ना आवश्यक है। मनुष्य का जीवन ही प्रत्यक्ष देवता है और जीवन देवता की उपासना का फल इसी लोक में प्राप्त हो जाता है।

शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रतिनिधिमंडल ने वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञीय अनुष्ठान एवं जयघोष के माध्यम से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान 60 श्रद्धालुओं ने गायत्री महामंत्र की गुरु दीक्षा ग्रहण की। इसके अलावा जन्मदिन संस्कार, पुंसवन संस्कार, नामकरण संस्कार, विद्यारंभ संस्कार एवं अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराए गए।

महायज्ञ स्थल पर अंतिम दिन निःशुल्क बीपी, नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसका बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ सभी श्रद्धालुओं को गायत्री परिवार की ओर से एक-एक पौधा भेंट किया गया।

संध्याकालीन सत्र में गायत्री दीपयज्ञ का आयोजन हुआ। दीपयज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संतोष कुमार संगम ने कहा कि कथाएं मानव जीवन को गहराई से प्रभावित करती हैं और व्यक्ति के विचार एवं आचरण को दिशा देती हैं। प्रज्ञा पुराण कथामृतम के अंतर्गत संयमशीलता, कर्तव्यपरायणता, उदार भक्ति भावना, युग निर्माण योजना तथा विचार क्रांति जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने परमपूज्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को वर्तमान समय की समस्याओं के समाधान का आधार बताया। ग्राम तीर्थ योजना के माध्यम से व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज एवं राष्ट्र कल्याण की अवधारणाओं पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में रामकृष्ण मिशन से पधारे दो स्वामीजियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उन्होंने पूज्य गुरुदेव की योजनाओं और विचारों की सराहना करते हुए अपने प्रेरक उद्गार व्यक्त किए। अंत में आरती, शांति पाठ, सर्वमंगल वंदना एवं जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## मारवाड़ी युवा मंच की अन्नपूर्णा सेवा से जरूरतमंदों को मिला भोजन

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा अध्यक्ष शुभा अग्रवाल के नेतृत्व में चलाए जा रहे ह्लप्यार बांटते चलोह्व स्लोगन के अंतर्गत अन्नपूर्णा सेवा का तीसरा माह का सेवा कार्य हरमू रोड स्थित गौशाला परिसर में सम्पन्न कराया गया। यह सेवा कार्य पिंकी शर्मा और वीना शर्मा के सौजन्य से किया गया, जिसमें जरूरतमंद एवं गरीब लोगों के बीच भोजन वितरण किया गया। कार्यक्रम में शाखा की सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई तथा जनसेवा के इस पुनीत कार्य को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष शुभा अग्रवाल, शायरी अग्रवाल, वेदिका सिंघानिया, कविता सोमानी, कोमल पोद्दार, पिंकी शर्मा, वीणा शर्मा, सौम्या सामोता एवं अन्य सदस्य उपस्थित थीं। उपरोक्त जानकारी शाखा की मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने दी।

### स्थायी लोक अदालत के सुचारू संचालन और उसके प्रभाव पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

# जनोपयोगी सेवाओं को सुलभ बनाने में स्थायी लोक अदालत की भूमिका महत्तवपूर्ण : जिला जज

संवाददाता

**रांची :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से जनोपयोगी सेवा प्रदाताओं हेतु एकदिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय व्यवहार न्यायालय के सभा कक्ष में किया गया, इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा मौहम्मद शाकिर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि स्थायी लोक अदालत, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत स्थापित एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक विवाद निवारण मंच है, जिसका उद्देश्य जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित विवादों का त्वरित, सुलभ, किफायती एवं सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। यह मंच न केवल न्यायालयों पर बढ़ते भार को कम करता है, बल्कि नागरिकों और सेवा प्रदाताओं के मध्य विश्वास एवं समन्वय को भी सुदृढ़ करता है।

इस अवसर पर स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष बृजेश पांडे ने




कहा कि आज के इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनोपयोगी सेवा प्रदाताओं को स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली, अधिकारिता, उपयोगिता एवं महत्व के संबंध में जागरूक करना है, ताकि अधिक से अधिक मामलों का समाधान सौहार्दपूर्ण तरीके से किया जा सके तथा आम नागरिकों को शीघ्र न्याय प्राप्त हो सके।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (ठअछरअ) एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार निरंतर यह प्रयास कर रहा है कि प्रत्येक व्यक्ति को सुलभ एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध हो। इस दिशा में स्थायी लोक अदालत एक अत्यंत प्रभावशाली एवं जनहितकारी व्यवस्था सिद्ध हुई है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आज का यह कार्यक्रम आप सभी के लिए ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सिद्ध होगा तथा स्थायी लोक अदालत के अधिकाधिक उपयोग को बढ़ावा देगा।

**इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन :** स्वास्थ्य विभाग, बैंकिंग संस्थान, बीमा कंपनियाँ, परिवहन विभाग, जलापूर्ति एवं स्वच्छता विभाग, विद्युत विभाग तथा अन्य जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े सभी अधिकारियों, विभिन्न जनोपयोगी सेवा विभागों के पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण,एवं प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया

उपरोक्त जानकारी देते हुए सचिव रवि चौधरी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि स्थायी लोक अदालत (ढी१ंल्लीेल्ल३ छङ्ग अ॑३) विषयक जनोपयोगी सेवाओं के सेवा प्रदाताओं हेतु जागरूकता का यह कार्यक्रम आम जनता को समर्पित है, इस जागरूकता कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता अमिताभ सरकार ने भी लोगों को जागरूक किया मौके पर बड़ी संख्या में लोग, स्थायी लोक अदालत की सदस्य और पी एल वी आदि उपस्थित थे।

## नर सेवा-नारायण सेवा हमारे शास्त्रों का मूल मंत्र : उषा पोद्दार



मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** नर सेवा-नारायण सेवा हमारे शास्त्रों व धर्म ग्रंथों का मूल मंत्र है। यह मानव जीवन का सार है। उक्त बातें राजधानी रांची के अपर बाजार (सोनार गली) स्थित बालाजी फैशन 'ड्यूक' की संचालिका व शहर की जानी-मानी समाजसेविका उषा पोद्दार ने कही। श्रीमती पोद्दार हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन परिसर (कल्याण एवं विकास समिति) के निकट आर्थिक रूप से कमजोर स्कूली बच्चों के बीच वस्त्र वितरण समारोह के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहीं थीं।उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना सामाजिक विकास संभव नहीं है। इसलिए बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षित करें। उन्होंने इस दिशा में अभिभावकों, सामाजिक संगठनों व समाजसेवियों से बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की। श्रीमती पोद्दार ने कहा कि समाज में एक वर्ग ऐसा भी है जो गरीबी, बीमारी, बुढ़ापे या परिस्थितियों से लाचार और बेसहारा है। भूखा पेट, तन पर फटे कपड़े, सिर पर छत नहीं, ऐसी पीड़ित मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है।

जब हम किसी भूखे को खाना खिलाते हैं, गरीबों को ठंड में कंबल देते हैं, फटे कपड़ों से अपना तन ढकने वालों को वस्त्र देते हैं, तो जो सुकून मिलता है, वो करोड़ों की दौलत से भी नहीं मिलता। पीड़ित मानवता की सेवा से अमीर-गरीब की खाई पटती है। आज जिस बच्चे को आप पढ़ा रहे हो, कल वही डॉक्टर-इंजीनियर बनकर देश की सेवा करेगा। झुग्गी में जाकर जब देखते हैं कि लोग कैसे जी रहे हैं, तो अपनी गाड़ी-बंगले का घमंड टूट जाता है। दूसरों का दर्द देखकर अपनी परेशानियां छोटी लगती हैं। हर धर्म ने दान-पुण्य को सर्वोपरि रखा है। इस्लाम में जकात, सिख धर्म में लंगर, ईसाई धर्म में चैरिटी, हिंदू धर्म में अन्नदान - सबका मकसद एक ही है। ये पुण्य अगले जन्म तक साथ जाता है, ऐसा माना जाता है। इंसान की पहचान है कि वो दूसरों के बारे में भी सोचे। खुशी, पैसा, ज्ञान, ये सब बांटने से घटते नहीं, बढ़ते हैं। एक दीये से सौ दीये जलाए जा सकते हैं। मदर टेरेसा ने अपना जीवन कुष्ठ रोगियों, अनाथ बच्चों की सेवा में लगा दिया। बाबा आमटे ने कुष्ठ आश्रम बनाया। इन लोगों ने कोई बड़ी दौलत नहीं कमाई, पर करोड़ों दिलों में जगह बना ली। सेवा का मतलब सिर्फ पैसा देना नहीं है। किसी बेसहारा बुजुर्ग से दस मिनट बात कर लेना, किसी बच्चे को पढ़ा देना, अस्पताल में किसी मरीज को खून दे देना - ये सब सेवा है। उन्होंने कहा कि दूसरों के चेहरे पर आई मुस्कान ही ईश्वर का आशीर्वाद है। अगर हर सक्षम व्यक्ति एक लाचार व्यक्ति का हाथ थाम ले, तो इस धरती से गरीबी और लाचारी का नाम मिट जाएगा। इसलिए पीड़ित मानवता की सेवा विकल्प नहीं, जिम्मेदारी है।

## आरपीएफ की तत्परता से लापता किशोरी कानपुर से सकुशल बरामद

**रांची :** राजधानी रांची से लापता हुई 16 वर्षीय एक किशोरी को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की तत्परता एवं समन्वित प्रयासों से उत्तर प्रदेश के कानपुर से सकुशल बरामद कर लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, किशोरी 15 जून की शाम घर से निकल गई थी। परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद उसके संबंध में सूचना संबंधित अधिकारियों को दी गई। जांच के दौरान परिजनों को रेलवे का टिकट मिलने पर मामले की जानकारी आरपीएफ को दी गई। 0सूचना मिलते ही आरपीएफ ने सक्रियता दिखाते हुए विभिन्न रेलवे स्टेशनों एवं संबंधित इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित किया। जांच एवं ट्रैकिंग के आधार पर किशोरी का पता उत्तर प्रदेश के कानपुर में लगाया गया, जहां से उसे सुरक्षित बरामद कर लिया गया। किशोरी के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और आरपीएफ के त्वरित सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने अभिभावकों से बच्चों के साथ संवाद बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस या संबंधित सुरक्षा एजेंसियों को सूचना देने की अपील की है।

### 25 वॉ राज्य अंडर 13ओपन गर्ल्स प्रतियोगिता

## चक्रधरपुर केन्द्रीय विद्यालय की छात्रा अदिति को प्रथम स्थान मिला

संवाददाता

**रांची :** सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची मे झारखण्ड राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित 25 वॉ राज्य अंडर 13ओपन गर्ल्स प्रतियोगिता का आयोजन 12 जून से 14 जून तक किया गया जिसमे केन्द्रीय विद्यालय चक्रधरपुर के 7वी की छात्रा अदिति ने 6 चक्र मे 5.5 अंक प्राप्त कर राज्य मे प्रथम स्थान प्राप्त की है।

इस प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अदिति का चयन राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए कर लिया गया है।

इस सफलता का श्रेय अदिति के गुरु, मार्गदर्शक एवं शुभचिंतक को जाता है विदित हो कि अदिति पश्चिम सिंहभूम जिला के प्रख्यात शिक्षक डॉ. मंगलेश पाठक की पुत्री है और इस उपलब्धि और गौरव पर शिक्षाविद् मित्रगण,



परिजन सभी लोग काफी हर्षित हैं। वहीं इस उपलब्धि पर डॉ मंगलेश पाठक भी काफी हर्षित और प्रसन्नचित्त है और बेटी की सफलता पर गौरवान्वित भी और इस गीत को चरितार्थ भी किया।?

## हरमू इलाके में सेक्स रैकेट की सूचना पर छापेमारी, छह युवक और दो युवतियां हिरासत में

**रांची :** हरमू इलाके में सेक्स रैकेट चलाए जाने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर छह युवकों और दो युवतियों को हिरासत में लिया है। पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है और मामले के नेटवर्क तथा संचालकों की पहचान में जुटी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हरमू स्थित बिजली कार्यालय के पीछे शिवम पैलेस नामक परिसर में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की शिकायत मिल रही थी। इसी सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने वहां छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान छह युवक और दो युवतियां मौके से मिलीं, जिन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हिरासत में ली गई युवतियां पश्चिम बंगाल की रहने वाली बताई जा रही हैं, जबकि युवक रांची और आसपास के क्षेत्रों के निवासी हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि युवतियों को यहां किस माध्यम से लाया गया और इस पूरे नेटवर्क के पीछे कौन लोग सक्रिय हैं। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली है कि संबंधित भवन को कथित रूप से एक व्यक्ति ने किराये पर लेकर संचालित किया था। पुलिस उसकी भूमिका की भी पड़ताल कर रही है। मौके से बरामद मोबाइल फोन, दस्तावेज और अन्य सामग्री को जब्त कर जांच की जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर अन्य संभावित आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पूछताछ और तकनीकी जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यहां किस प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही थीं और इसमें किन-किन लोगों की संलिप्तता थी। उल्लेखनीय है कि रांची में पिछले कुछ समय के दौरान संदिग्ध देह व्यापार और अनैतिक गतिविधियों को लेकर कई स्थानों पर पुलिस कार्रवाई कर चुकी है।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा।
(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

लापता बालिका कंचन कुमारी, उम्र–करीब 17 वर्ष, पि0–दुर्योधन प्रधान, सा0–राईबहार लालटोली, थाना–कुरडेग, जिला–सिमडेगा, राज्य–झारखण्ड, दिनांक–03.06.2026 दिन बुधवार का समय करीब–12.00 बजे दिन में बड़े पापा के घर टी0टॉंगर जाने की बात बताकर घर से निकली है, जो अबतक अपने घर नही लौटी है। गुमशुदा बालिका की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

हुलिया की विवरणी :–

लिंग :– स्त्रीलिंग।
उम्र :– 17 वर्ष।
रंग :– साँवला।
उँचाई :– 05 फीट।
भाषा :– सादरी एवं हिन्दी।



अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त लापता बालिका के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाश नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431116444
पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431706227
थाना प्रभारी, टी0टॉंगर – मोबाइल नं0–9431703262
पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9262998531
मानव तस्करी संबंधी टोल फ्री नं0– मोबाइल नं0–1800–3456–256

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा।

PR 382510 Simdega(26-27)D

### रांची नगर निगम की समीक्षा बैठक में सख्त निर्देश

# भवन निर्माण नियमों के उल्लंघन पर अब नहीं मिलेगी ढिलाई : नगर आयुक्त

संवाददाता

**रांची :** रांची नगर निगम के नगर आयुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में नगर निवेशक शाखा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर में हो रहे अनाधिकृत निर्माण, गिफ्ट डीड भूमि की स्थिति, सेट बैक एरिया, पार्किंग व्यवस्था तथा भवन उपविधि (बिल्डिंग बाय-लॉ) के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में नगर आयुक्त ने नगर निवेशक एवं सहायक नगर निवेशकों को निर्देश दिया कि शहर में सघन जांच अभियान चलाकर अनाधिकृत निर्माणाधीन भवनों, गिफ्ट डीड भूमि पर अतिक्रमण, सेट बैक नियमों के उल्लंघन तथा पार्किंग व्यवस्था की माइक्रो लेवल मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले भवन स्वामियों एवं बिल्डरों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के दौरान नगर आयुक्त द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी व्यावसायिक भवनों में निर्धारित पार्किंग स्थल का उपयोग केवल वाहन पार्किंग के लिए ही सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। गिफ्ट डीड भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण की पहचान कर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिया कि गिफ्ट डीड भूमि पर अस्थायी प्रचार-प्रसार बोर्ड या अन्य संरचनाओं का निर्माण न किया जाए। ऐसे मामलों में तत्काल हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि पूर्व में स्वीकृत भवनों में फायर सेफ्टी व्यवस्था तथा 3200 वर्ग फीट से अधिक क्षेत्रफल वाले भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की कार्यशीलता की जांच अनिवार्य रूप से की जाए।

उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थलों का उपयोग अन्य गतिविधियों के लिए किए जाने या गिफ्ट डीड भूमि पर अतिक्रमण पाए जाने की स्थिति में संबंधित बिल्डरों पर भारी जुमार्ना लगाया जाएगा।

बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि रांची को एक स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं योजनाबद्ध शहर के रूप में विकसित करना निगम की प्राथमिकता है। इसके लिए भवन निर्माण से जुड़े सभी नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि शहर के समुचित विकास, नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए किसी भी प्रकार की अनियमितता पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

बैठक में उप नगर आयुक्त गौतम प्रसाद साहू, कार्यपालक अभियंता-सह-नगर निवेशक, सहायक नगर निवेशक, कनीय अभियंता एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 12/2026–27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 24.06.26 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 25.06.26 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 25.06.26 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– DMFT

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | कर्जन ग्राउण्ड, हजारीबाग के इण्डोर स्टेडियम में विद्युतिकरण का कार्य। | 632000.00 | 1250.00 | 12700.00 | एक माह |

नोट :–1. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 382542 District(26-27)#D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## लापता हुए मौसम की तलाश

मानसून के अचानक लापता होने से मौसम विभाग की पूर्व में की गई भविष्यवाणी गड़बड़ा गई है। अब उपग्रह से ली गई तस्वीरों से दक्षिण-पश्चिम मानसून के बादल दिखाई नहीं दे रहे हैं। वहीं, दक्षिण और मध्य भारत के कई भूभागों तक मानसून की दस्तक के बावजूद देश के बड़े भू-भाग पर बारिश में भारी गिरावट दर्ज की गई है। दरअसल प्रशांत महासागर में तेजी से बन रही अलनीनो की परिस्थितियां आने वाले 8-10 दिनों में वैश्विक जलवायु और मौसम चक्र को प्रभावित कर सकती हैं। मौसम विज्ञानियों ने चेतावनी दी है कि यह इतिहास के 140 वर्ष में अब तक के सबसे खतरनाक और बड़े अलनीनो में से एक हो सकता है। स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क में मौसम और पर्यावरण विज्ञान के प्राध्यापक पाल राउंडी कहते हैं कि यह सबसे खतरनाक और सबसे ताकतवर अलनीनो हो सकता है। अलनीनो का यह मिजाज पहले से दुनिया में तप रही धरती की आग में घी डालने का काम करेगा। अनुमान लगाए जा रहे है कि सर्दियों तक अलनीनो का मिजाज बिगड़ा रहेगा। इस कारण आशंका है कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में सूखा पड़ेगा, बाढ़ आएगी या भीषण गर्मी झेलनी पड़ेगी। यहां तक कि इससे कई देशों में खाने-पीने के सामान और पानी का संकट पैदा होगा। इस अलनीनो के असर का अनुमान भारतीय मौसम विभाग पहले ही लगा चुका है। इसलिए मौसम विज्ञानी एम रविचंद्रन का कहना है कि प्रशांत महासागर की परिस्थितियों को देखते हुए इसका सीधा असर मानसूनी बारिश पर पड़ेगा। इसके चलते कुछ इलाकों में सूखे की स्थिति पैदा हो सकती है। क्योंकि अभी तक 64 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। अतएव मौसम विभाग पहले ही घोषित कर चुका है कि इस बार 11 वर्षों में सबसे कम बारिश हो सकती है। इसका सीधा असर देश की कृषि व्यवस्था पर पड़ेगा। 1988 से भारतीय मौसम विभाग मानसून के पूवार्नुमान लगा रहा है। 1988 से 2025 तक 38 वर्ष के अनुमानों में विभाग की भविष्यवाणी 50 प्रतिशत के करीब सटीक रही हैं। इस बार विभाग के विज्ञानियों ने 26 मई को केरल में मानसून आ जाने का अनुमान लगाया था, जो नहीं आया। बाद में 4 जून से मानसून की आहट आने की बात कही गई लेकिन मानसून लापता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मौसम में जो बादल पानी बरसाते हैं, उनकी सघनता धीरे-धीरे घट रही है। इससे आशय यह निकलता है कि देश में मानसून में बारिश का प्रतिशत लगातार घट रहा है। दरअसल जो बादल पानी बरसाते हैं, वे आसमान में छह से साढ़े छह हजार फीट की ऊंचाई पर होते हैं। 50 साल पहले ये बादल घने भी होते थे और मोटे भी होते थे। परंतु अब साल-दर-साल इनकी मोटाई और सघनता कम होती जा रही है। यह अध्ययन सही है।

दरअसल महाकवि कालिदास द्वारा रचित महाकाव्य ह्यमेघदूतह्य दो खंडों में विभाजित प्रणय काव्य है। पूर्वमेघ और उत्तरमेघ, जो संस्कृत में लिखे गए हैं। इनमें सांसारिक प्रेम का अद्भुत वर्णन है। किंतु इनमें महाकवि ने अपनी भावनाओं को अभिव्यक्ति जिन प्रतीकों से दी है, वे मेघ यानी बादल और बारिश से जुड़े हैं। इनका आशय है कि धरती पर जितने घने वन होंगे, आसमान में उतने ही घने और काले बादल छाकर बरसेंगे। कालिदास वैज्ञानिक नहीं बल्कि संत कवि थे, लेकिन इस तथ्य का खंडन कोई वैज्ञानिक नहीं करता।

इस अध्ययन से देश के नीति-नियंताओं को चेतने की जरूरत है क्योंकि हमारी खेती-किसानी और 70 फीसदी आबादी की रोजी-रोटी मानसून की बरसात से ही चलती है और देश की समूची आबादी को अनाज, दालें और तिलहन उपलब्ध कराती है। देश के ज्यादातर व्यवसाय भी कृषि आधारित हैं। देश की 2025-26 की जीडीपी में कृषि का योगदान 16.2 प्रतिशत रहा है, जबकि 2023-24 में यह 18.2 फीसदी था। फिर भी किसान आर्थिक असुरक्षा की चपेट में है। प्रत्येक साल अप्रैल-मई में मानसून आ जाने की अटकलों का दौर शुरू हो जाता है। यदि औसत मानसून आये तो देश में हरियाली और समृद्धि की संभावना बढ़ती है और औसत से कम आये तो पपड़ाई धरती और अकाल की क्रूर परछाइयां देखने में आती हैं।

मौसम मापक यंत्रों की गणना के अनुसार यदि 90 प्रतिशत से कम बारिश होती है तो उसे कमजोर मानसून कहा जाता है। 90-96 फीसदी बारिश इस दायरे में आती है। 96-104 फीसदी बारिश को सामान्य मानसून कहा जाता है। यदि बारिश 104-110 फीसदी होती है तो इसे सामान्य से अच्छा मानसून कहा जाता है। 110 प्रतिशत से ज्यादा बारिश होती है तो इसे अधिकतम मानसून कहा जाता है। फिर भी बीते 37 साल में हुई बारिश के आंकड़े बताते हैं कि बादलों के बरसने की क्षमता घट रही है। ऐसा जंगलों के घटते जाने के कारण हो रहा है। मौसम वैज्ञानिकों की बात मानें तो जब उत्तर-पश्चिमी भारत में मई-जून तपता है और भीषण गर्मी पड़ती है तब कम दाव का क्षेत्र बनता है। इस कम दाव वाले क्षेत्र की ओर दक्षिणी गोलार्ध से भूमध्य रेखा के निकट से हवाएं दौड़ती हैं। दूसरी तरफ धरती की परिक्रमा सूरज के इर्द-गिर्द अपनी धुरी पर जारी रहती है। निरंतर चक्कर लगाने की इस प्रक्रिया से हवाओं में मंथन होता है और उन्हें नई दिशा मिलती है। इस तरह दक्षिणी गोलार्ध से आ रही दक्षिणी-पूर्वी हवाएं भूमध्य रेखा को पार करते ही पलट कर कम दबाव वाले क्षेत्र की ओर गतिमान हो जाती हैं। ये हवाएं भारत में प्रवेश करने के बाद हिमालय से टकराकर दो हिस्सों में विभाजित होती हैं। इनमें से एक हिस्सा अरब सागर की ओर से केरल के तट में प्रवेश करता है और दूसरा बंगाल की खाड़ी की ओर से प्रवेश कर उड़ीसा, पश्चिम-बंगाल, बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर-प्रदेश, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश हरियाणा और पंजाब तक बरसती हैं। अरब सागर से दक्षिण भारत में प्रवेश करने वाली हवाएं आन्ध्र-प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में बरसती हैं। इन मानसूनी हवाओं पर भूमध्य और कश्यप सागर के ऊपर बहने वाली हवाओं के मिजाज का प्रभाव भी पड़ता है। प्रशांत महासागर के ऊपर प्रवाहमान हवाएं भी हमारे मानसून पर असर डालती हैं। वायुमण्डल के इन क्षेत्रों में जब विपरीत परिस्थिति निर्मित होती हैं तो मानसून के रुख में परिवर्तन होता है और वह कम या ज्यादा बरसात के रूप में धरती पर गिरता है। महासागरों की सतह पर प्रवाहित वायुमण्डल की हरेक हलचल पर मौसम विज्ञानियों को इनके भिन्न-भिन्न ऊंचाइयों पर निर्मित तापमान और हवा के दबाव, गति और दिशा पर निगाह रखनी होती है। इसके लिये कम्प्यूटरों, गुब्बारों, वायुयानों, समुद्री जहाजों और रडारों से लेकर उपग्रहों तक की सहायता ली जाती है। इनसे जो आंकड़े इकट्ठे होते हैं उनका विश्लेषण कर मौसम का पूवार्नुमान लगाया जाता है। हमारे देश में 1875 में मौसम विभाग की बुनियाद रखी गई थी। आजादी के बाद से मौसम विभाग में आधुनिक संसाधनों का निरंतर विस्तार होता चला आ रहा है। विभाग के पास देशभर में भू-वेधशालाएं, गुब्बारा केन्द्र, रेडियो, पवन वेधशालाएं , तूफान संवेदी, तूफान सचेतक रडार और उपग्रह चित्र प्रेषण एवं ग्राही केंद्र हैं। इसके अलावा वर्षा दर्ज करने वाले हजारों पानी से भाप बनकर हवा होने पर निगाह रखने वाले केन्द्र, पेड़-पौधों की पत्तियों से होने वाले वाष्पीकरण को मापने वाले, विकिरणमापी एवं भूकंपमापी अनेक वेधशालाएं हैं। लक्षद्वीप, केरल व बेंगलुरू में मौसम केंद्रों के डेटा पर सतत निगरानी रखते हुए मौसम की भविष्यवाणियां की जाती हैं। अंतरिक्ष में छोड़े गए उपग्रहों से भी सीधे मौसम की जानकारियां सुपर कम्प्यूटरों में दर्ज होती रहती हैं।

# सार्वजनिक जीवन में विश्वास की पूंजी

**तृणमूल कांग्रेस के विधायक और सांसद अपना अलग गुट बना चुके हैं। स्वतंत्र भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में ऐसा कोई दूसरा उदाहरण मिलना मुश्किल है, जब किसी राजनीतिक दल का इतनी तेजी से विघटन हुआ हो। या किसी नेता की तथाकथित साख चुनाव हारने के चंद दिनों में ही औंधे मुंह गिरी हो। सत्ता गंवाने के बाद ममता बनर्जी को मंदिर जाने की याद आई। कालीबाड़ी दर्शन करने पहुंची ममता बनर्जी को लोगों ने पूरी तरह अनदेखा किया।**

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

बि विश्वास और भरोसा ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। सार्वजनिक जीवन में जन विश्वास गंवाने वाला व्यक्ति किसी योग्य नहीं रह जाता। हाल ही में भारतीय राजनीति में जन विश्वास से जुड़ी दो अहम घटनाएं हुई। पहली घटना में एक नेता ने जनविश्वास की पूंजी खो दिया। वहीं, दूसरी घटना में नेता ने जनविश्वास की पूंजी को सहेजा ही नहीं बल्कि हर बीतते दिन के साथ उसमें वृद्धि भी की।

पहली घटना 4 मई की है। इस दिन जन विश्वास खो चुकी तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। तृणमूल और ममता से नाराजगी का आलम यह था कि स्वयं ममता बनर्जी अपनी सीट हार गई। आज ममता बनर्जी और उनकी पार्टी की जो दुर्दशा हो रही है, उसकी जिम्मेदार कोई दूसरा नहीं बल्कि वह स्वयं हैं।

तृणमूल कांग्रेस के विधायक और सांसद अपना अलग गुट बना चुके हैं। स्वतंत्र भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में ऐसा कोई दूसरा उदाहरण मिलना मुश्किल है, जब किसी राजनीतिक दल का इतनी तेजी से विघटन हुआ हो। या किसी नेता की तथाकथित साख चुनाव हारने के चंद दिनों में ही औंधे मुंह गिरी हो। सत्ता गंवाने के बाद ममता बनर्जी को मंदिर जाने की याद आई। कालीबाड़ी दर्शन करने पहुंची ममता बनर्जी को लोगों ने पूरी तरह अनदेखा किया। डेढ़ दशक तक सूबे का मुख्यमंत्री रहने वाले नेता की जनता इस हद तक उपेक्षा करे तो यह सिर्फ चुनावी हार नहीं, जनविश्वास के टूटने का संकेत होता है। तृणमूल कांग्रेस के कुशासन से आजिज जनता आज उसके नेताओं का अंडे, टमाटर, जूते और मार कुटाई से सत्कार कर रही है। तृणमूल के नेताओं को देखकर लोग नारेबाजी कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि ये वो लोग हैं जो पिछले 15 वर्षों से तृणमूल नेताओं की तानाशाही, गुण्डागर्दी और अत्याचार चुपचाप सह रहे थे। तृणमूल नेताओं के प्रति जनता का व्यवहार उनके स्वाभाविक क्रोध, कुंठा, निराशा और हताशा का परिणाम है। ममता सरकार के डेढ़ दशक के शासन के दौरान राजनीतिक दलों के नेताओं व कार्यकताओं की हत्या व अपहरण, पोलिंग एजेंटों की पिटाई, बमबाजी, गोलीबारी, बूथों पर तोड़फोड़, वोटों की लूट, प्रत्याशियों व उनके परिवार के सदस्यों को धमकियां, ये सब बंगाल में आम बातें हो चुकीं थीं। भाजपा के दावों को मानें तो साल 2021 में विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद हुई हिंसा में टीएमसी समर्थकों ने 300 से अधिक भाजपा कार्यकताओं की हत्या की थी। तत्कालीन राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने कानून व व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा था कि राज्य में लोकतंत्र सांस नहीं ले पा रहा है। मुख्यमंत्री और प्रशासन मूकदर्शक बने हुए हैं। दूसरी घटना 10 जून को हुई। इस दिन नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे किए, जो देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में पूरे किए गए 4,398 दिनों के कार्यकाल से ज्यादा है। इस तरह जनविश्वास, सुशासन और राष्ट्रहित के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक बनकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह सिर्फ रिकॉर्ड नहीं, 140 करोड़ भारतीयों के अटूट विश्वास की जीत है। साल 2014 में देश ने उत्साह और अटूट विश्वास के साथ नरेन्द्र मोदी को अपना प्रधानमंत्री चुना था लेकिन उन्होंने स्वयं को हमेशा एक प्रधानसेवक माना। इसी रूप में वे अपना राष्ट्रधर्म निभाते हुए विकसित भारत के निर्माण में जुटे हैं। ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयासह्न के संकल्प के साथ उन्होंने समाज के हर वर्ग का विश्वास जीता है। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाओं ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को अधिकार, सम्मान और आत्मनिर्भरता का एहसास कराया है। विपक्ष के लगातार मिथ्या प्रचार, व्यक्तिगत हमलों, यहां तक कि अपशब्दों के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी अहर्निश जनसेवा में जुटे हैं। देश की जनता उन पर भरोसा करती है, जनता को विश्वास है मोदी के रहते उनका अहित नहीं होगा। इसलिए वो लगातार तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री की कुर्सी सहर्ष सौंपी। जब विश्वास टूटता है तो बड़े-से-बड़े नेता और व्यक्ति अर्श से फर्श पर आ जाता है। भारतीय राजनीति में इंदिरा गांधी का बड़ा कद था लेकिन अपनी सत्ता बचाने के लिए 1975 को इमरजेंसी लगाने के बाद जनता का विश्वास इंदिरा गांधी से टूट गया। 1977 के आम चुनाव में कांग्रेस को ऐतिहासिक हार का मुंह देखना पड़ा। इंदिरा का घमण्ड चूर-चूर हो गया और देश में आजादी के बाद पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार का गठन हुआ। उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, उड़ीसा में बीजू जनता दल, दिल्ली में आम आदमी पार्टी तमाम ऐसे उदाहरण ऐसे हैं, जब जनता ने इन दलों पर विश्वास करके सत्ता के सिंहासन पर बैठाया। लेकिन जब ये नेता विश्वास और उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे तो जनता ने इन्हें इनको आसमान से जमीन पर पटकने में देरी नहीं की। तमिलनाडु में विश्वास ही तो खत्म हुआ, तभी तो वहां की जनता ने सत्तारूढ़ डीएमके को हटाकर अभिनेता चंद्रशेखरन जोसेफ विजय की नयी नवेली पार्टी टीवीके को सत्ता की कुंजी सौंप दी। वहीं, कई ऐसे उदाहरण भी हैं, जहां विश्वास के चलते जनता ने बार-बार जीत का आशीष दिया। गुजरात में बीते 31 और मध्य प्रदेश 21 साल से भाजपा की सरकार है। इतने लंबे समय तक विश्वास और सेवा किये बिना कोई नेता या दल सत्ता या लोगों के दिलों में नहीं रह सकता। किसी जमाने में हरियाणा में भाजपा कोई बड़ी शक्ति नहीं थी। बामुश्किल उसके दो या तीन विधायक जीतते थे। लेकिन विश्वास और जनसेवा की बदौलत ही पिछले 12 वर्षों से हरियाणा में भाजपा की सरकार है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में मिथक था कि यहां कोई सरकार दोबारा रिपीट नहीं होती। साल 2017 में भाजपा को पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कृतित्व एवं व्यक्तित्व से सरकार और शासन के प्रति जनता के विश्वास को लगातार बढ़ाने का काम किया। नतीजा, उत्तर प्रदेश की राजनीति में 37 साल पुराना यह मिथक साल 2022 के विधानसभा चुनाव में टूट गया। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा ने प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी कर लगातार दूसरी बार सरकार बनाई। उत्तराखण्ड में भाजपा सरकार पिछले नौ साल से लगातार जनसेवा में जुटी है। जीवन की सबसे बड़ी पूंजी पद नहीं बल्कि विश्वास होता है। यह विश्वास किसी नेता, राजनीतिक दल या किसी व्यक्ति की सबसे बड़ी पूंजी है। यह विश्वास बना रहना चाहिए। जिस दिन यह विश्वास टूटता है, उस दिन नतीजे वैसे ही होते हैं, जैसे 4 मई को पश्चिम बंगाल में ईवीएम से निकले। हारने वाला कुंठा, निराशा और हताशा में भले इसे वोट की लूट बताता रहे लेकिन ये वोट की नहीं बल्कि दिल की लूट होती है। इसलिए व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में विश्वास को बनाए रखें।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# राजमाता जीजाबाई : जीवन, व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान

**जीजाबाई ने अपने जीवन में सत्ता संघर्ष, विश्वासघात, युद्ध और पारिवारिक त्रासदियों को निकट से देखा। उनके पिता लखूजी जाधव की हत्या ने उनके मन पर गहरा प्रभाव डाला। इसी अनुभव ने उनमें स्वतंत्र राज्य की आवश्यकता का भाव अधिक प्रबल किया। उस परिस्थिति में जब स्वराज स्थापित करने का विचार भी किसी के मन में नहीं उठता था तब शाहजी राजे और जिजामाता ने स्वराज का स्वप्न देखा।**

**गिरीश जोशी**

वि लखूजी जाधवराव तत्कालीन दक्कन के प्रमुख मराठा सरदारों में गिने जाते थे उनके यहाँ जीजाबाई का जन्म लगभग 1598 ई. में सिंदखेड़ में हुआ था। । 17वीं शताब्दी का दक्कन राजनीतिक अस्थिरता से भरा हुआ था। मुगल साम्राज्य दक्षिण की ओर विस्तार कर रहा था। लखुजी, निजामशाह के विश्वसनीय सरदार थे। जीजाबाई का विवाह शाहजी राजे के साथ हुआ । सन 1629 में निजामशाह ने राजद्रोह के संदेह में लखुजी जाधवराव के साथ उनके तीन पुत्र अचलोजी, रघुजी और यशवंत राव चारों की हत्या कर दी। इस घटना से पूरा हिंदुस्तान दहल उठा। इस घटना से शाहजी राजे भी अत्यंत उद्वेलित हुए और निजामशाह की सेवा छोड़कर विद्रोही हो गए। जीजाबाई ने अपने जीवन में सत्ता संघर्ष, विश्वासघात, युद्ध और पारिवारिक त्रासदियों को निकट से देखा। उनके पिता लखूजी जाधव की हत्या ने उनके मन पर गहरा प्रभाव डाला। इसी अनुभव ने उनमें स्वतंत्र राज्य की आवश्यकता का भाव अधिक प्रबल किया। उस परिस्थिति में जब स्वराज स्थापित करने का विचार भी किसी के मन में नहीं उठता था तब शाहजी राजे और जिजामाता ने स्वराज का स्वप्न देखा। इस स्वराज के निर्माण के लिए अपना जीवन दाँव पर लगा कर प्रयत्न भी किया। मालोजीराजे के समय से ही पुणे की जागीर उनके पास थी। शाहजी राजे की बड़ी-बड़ी हवेलिया पुणे में थी। शाहजी राजे ने पुणे और उसके आसपास का परिसर तेजी से अपने आधिपत्य में लेकर इस क्षेत्र को स्वतंत्र कर लिया। लेकिन शाहजी राजे का ये विद्रोह अधिक समय तक टिक न सका। आदिलशाह ने शाहजी राजे की बड़ी हवेलियाँ जलाकर राख कर दी और उनके अनेक लोगों का वध कर पुणे को वीरान कर दिया। शाहजी राजे का स्वराज के निर्माण हेतु किया गया प्रथम प्रयास असफल रहा। जब लखुजी जाधवराव की हत्या हुई थी, तब गर्भवती जीजाबाई, शाहजी राजे के साथ थी। इस अनिश्चितता के काल में जीजाबाई को इस अवस्था सुरक्षित रखना शाहजी राजे के सामने बड़ी चुनौती थी। शाहजी राजे ने अनुकूलता देख कर जीजामाता को शिवनेरी के किले में रखा। यहाँ जीजाबाई ने एक पुत्र को जन्म दिया जिसका नाम रखा गया शिवाजी।

जब शाहाजी दक्षिण में व्यस्त थे, तब जीजाबाई ने पुणे क्षेत्र की जागीर का प्रबंधन संभाला। उन्होंने पुणे में लाल महल के निर्माण का मार्गदर्शन किया। इसी लाल महल में शिवाजी का बाल्यकाल बीता और स्वराज्य की प्रारंभिक योजनाएँ बनीं। उनके प्रशासनिक कौशल के कारण युद्धों से उजड़े क्षेत्र में पुनः कृषि, ग्राम व्यवस्था और राजस्व प्रणाली को सुदृढ़ किया गया। इस माँ के दो पुत्र थे, एक को दुश्मन ने धोखे से मार दिया था और अब एक ही बेटा उसके पास था। जिस माँ ने अपने परिजनों का अलगाव सहन किया हो, अपने पिता, भाइयों और पुत्र की हत्या होते हुए देखी हो, वो माँ अपने बेटे की सुरक्षा के लिए कितनी चिंतित होगी इसकी कल्पना की जा सकती है। लेकिन उस माँ ने अपने एकमात्र बेटे को भी देश के लिए, धर्म के लिए, अपनी संस्कृति के लिए की रक्षा के लिए तैयार करने का प्रण लिया। इतिहास में जीजाबाई का सबसे बड़ा योगदान छत्रपति शिवाजी महाराज के चरित्र निर्माण में माना जाता है। उन्होंने बालक शिवाजी को बचपन से संस्कारित करने के लिए रामायण और महाभारत की कथाएँ सुनाईं। धर्म, न्याय और प्रजा-कल्याण के आदर्श सिखाए। विदेशी और अत्याचारी शासन के प्रति प्रतिरोध की भावना जगाई। स्त्रियों के सम्मान और धार्मिक सहिष्णुता का संस्कार दिया और स्वराज्य के स्वप्न से प्रेरित किया। यह मान्यता है कि शिवाजी के भीतर का स्वराज्य पहले जीजाऊ के मन में जन्मा था इतिहासकारों के अनुसार हिंदवी स्वराज्य की अवधारणा के पीछे जीजाबाई की प्रेरणा अत्यंत महत्वपूर्ण थी। उन्होंने शिवाजीराजे को केवल सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं बल्कि प्रजा की रक्षा, धर्म और संस्कृति के संरक्षण, न्यायपूर्ण शासन तथा स्वाभिमानी राज्य निर्माण के लिए प्रेरित किया। इसलिए कई इतिहासकार उन्हें ₹हिंदवी स्वराज्य की आध्यात्मिक जननी₹ भी कहते हैं। हर माँ को अपनी संतान की चिंता होना स्वाभाविक है लेकिन उस चिंता के चलते भी देश को पहले रखने का काम जब कोई पन्नाधाय और जीजा माता जैसी माता करती है तब उस देश का इतिहास गढ़ता है। राजमाता जीजाबाई भारतीय इतिहास की उन महान महिलाओं में से हैं जिन्होंने केवल एक पुत्र का पालन-पोषण नहीं किया बल्कि एक युगपुरुष का निर्माण किया। मराठा इतिहास में उनका स्थान केवल शिवाजी महाराज की माता के रूप में नहीं बल्कि हिंदवी स्वराज्य की प्रथम प्रेरक, राष्ट्रचेतना की संवाहिका तथा आदर्श प्रशासिका के रूप में है। उन्होंने शिवाजी राजे को धर्मपालन, नैतिक शासन, न्याय और लोक कल्याण के भाव को केंद्र में रख कर योजना और नीतियाँ बनाने का शिक्षण और संस्कार दिये। 6 जून 1674 को छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक संपन्न हुआ। यह वह क्षण था जिसका स्वप्न जीजाबाई ने दशकों तक देखा था। राज्याभिषेक के कुछ ही दिनों बाद 17 जून 1674 को उनका निधन हो गया। ऐसा माना जाता है कि स्वराज्य को विधिवत स्थापित होते देखने के बाद उनका जीवन ध्येय पूर्ण हो चुका था। जीजाबाई का महत्व तीन स्तरों पर समझा जा सकता है-

1. राष्ट्रनिमार्ता माता- उन्होंने एक ऐसे नेतृत्व का निर्माण किया जिसने भारतीय इतिहास की दिशा बदल दी।

2. कुशल मार्गदर्शक- वे केवल माता नहीं स्वराज्य आंदोलन की वैचारिक प्रेरक भी थीं।

3. आदर्श प्रशासिका- पुणे जागीर के संचालन में उनकी प्रशासनिक दक्षता स्पष्ट दिखाई देती है।

राजमाता जीजाबाई का जीवन भारतीय इतिहास में मातृत्व, राष्ट्रचेतना, नेतृत्व और सांस्कृतिक आत्मसम्मान का अद्वितीय उदाहरण है। यदि शिवाजी महाराज हिंदवी स्वराज्य के निमार्ता थे, तो जीजाबाई उस स्वराज्य की प्रथम प्रेरणा, वैचारिक आधारशिला और नैतिक शक्ति थीं। मराठा इतिहास में उनका स्थान केवल ₹शिवाजी की माता₹ तक सीमित नहीं है वे स्वयं एक युगनिमार्ता व्यक्तित्व हैं।

जो माता अपने बच्चों को हमेशा एक सुरक्षा की खोल में रखती है, उसे परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार नहीं करती। उस माँ के बच्चे अपने जीवन में किसी मुकाम को हासिल नहीं कर पाते, जरा से संकट या थोड़ी-सी विपरीत परिस्थिति आने के बाद वे विचलित हो जाते हैं ओर गलत रास्ते पर चल पड़ते हैं।

माँ को यह चाहिए होता है कि वह अपने बच्चों के जीवन की चिंता जरूर करें लेकिन उसके साथ उसे अच्छे संस्कार देकर अपने जीवन में किसी बड़े उद्देश्य के लिए जीना सिखाए, बड़ा लक्ष्य उसके सामने रखें और रास्ता हमेशा नैतिकता का हो ये बेहद जरूरी होता है। हर बच्चे के भीतर एक उज्जवल संभावना का बीज छिपा होता है। माँ की यह भूमिका होती है कि वो उस बीज को पहचाने और फिर अपने बच्चों को ऐसा वातावरण दे जिससे वह अच्छी तरह अंकुरित हो सके, पुष्पित पल्लवित होकर वट वृक्ष जैसा विशाल आकर लेकर अपने घर-परिवार के साथ समाज, देश और दुनिया के लिए अच्छा काम कर सके।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# अयोध्या में क्यों है हनुमान गढ़ी का इतना महत्व?

देश भर में हनुमान जी को समर्पित कई मंदिर है। इस मंदिरों का अपना विशेष महत्व है। इन्हीं मंदिरों में अयोध्या का हनुमान गढ़ी मंदिर शामिल है। यह मंदिर आस्था का केंद्र है और एक ऊंचे टीले पर स्थित है। इस मंदिर तक पहुंचने के लिए भक्तों को 76 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है। हनुमान गढ़ी मंदिर में हनुमान जी के दर्शन करने के बाद ही रामलला के दर्शन का शुभ फल प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक हनुमान जी इस मंदिर में रक्षक के रूप में वास करती है।हनुमान गढ़ी मंदिर में आने पर भक्तों को खास ऊर्जा और शांति का अनुभव होता है। किसी खास मौके पर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हनुमान गढ़ी मंदिर से जुड़े रहस्य के बारे में बताने जा रहे हैं।



### पौराणिक कथा

पौराणिक कथा के मुताबिक भगवान श्रीराम ने रावण की लंका पर विजय प्राप्त की और जब अयोध्या वापस आए, तो प्रभु श्रीराम, माता सीता और भाई लक्ष्मण के आने का उत्साह मनाया जा रहा था। भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ और राम जी ने सभी को विदा किया। लेकिन हनुमान जी अयोध्या को छोड़कर नहीं जाना चाहते थे।

### राम जी ने दी हनुमान जी को ये जगह

हनुमानजी की भक्ति और प्रेम से प्रसन्न होकर भगवान श्रीराम ने हनुमान जी को अयोध्या में रहने के लिए एक जगह दी। यह स्थान एक ऊंचे टीले पर मौजूद थी। जहां पर हनुमान गढ़ी मंदिर को बनाया गया था। धार्मिक मान्यता के मुताबिक ऊंचे टीले पर होने के कारण हनुमान जी को यहां से पूरी अयोध्या नगरी दिखती थी। राम जी ने रहने के लिए यह स्थान देते हुए हनुमान को यह वचन दिया कि अयोध्या मेरा दर्शन तब तक पूरा नहीं माना जाएगा, जब तक की हनुमान गढ़ी के दर्शन नहीं किए जाएंगे।

### मनोकामनाएं होती हैं पूरी

इस प्रसंग का वर्णन स्कंद पुराण में देखने को मिलता है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक हनुमान गढ़ी मंदिर में हनुमान जी के दर्शन मात्र से भक्तों के सभी पाप नष्ट होते हैं और उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। वहीं व्यक्ति को हनुमान जी की कृपा प्राप्त होती है। हनुमान गढ़ी मंदिर में हनुमान जी को चोला अर्पित करने से सभी दोष की समस्या से छुटकारा मिलता है। हनुमान गढ़ी मंदिर में माता अंजनी की गोद में बाल हनुमान की प्रतिमा विराजमान है। इस मंदिर में दर्शन के लिए दूर-दूर से भक्त आते हैं। वहीं यूपी सरकार की ऑफिशियल वेबसाइट के अनुसार, इस मंदिर का निर्माण राजा विक्रमादित्य द्वारा कराया गया है। इस मंदिर तक पहुंचने के लिए भक्तों को 76 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है।

## टिप्स

### हाई ब्लड पेशर का रिस्क?

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में ज्यादातर लोग असंतुलित और अन्हेल्दी रुटीन का पालन कर रहे हैं, जिसका सीधा असर उनकी सेहत पर पड़ रहा है। इसी वजह से हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। हर साल बड़ी संख्या में लोग इस समस्या की चपेट में आ रहे हैं। अधिक नमक का सेवन, फास्ट फूड की आदत, मानसिक तनाव, शारीरिक गतिविधियों की कमी, बढ़ता वजन, धूम्रपान और शराब का सेवन हाई ब्लड प्रेशर के प्रमुख कारणों में शामिल हैं। चूंकि यह बीमारी अक्सर शुरूआती चरण में कोई स्पष्ट संकेत नहीं देती, इसलिए इसे 'साइलेंट किलर' भी कहा जाता है। आइए आपको बताते हैं हाई ब्लड प्रेशर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां और इससे बचाव के प्रभावी उपाय।

**हाई ब्लड प्रेशर के कारण** : उच्च रक्तचाप के प्रमुख कारणों में से एक माना जाता है अत्यधिक नमक का सेवन करना। प्रतिदिन अधिक नमक खाने से ब्लड प्रेशर बढ़ता है। प्रोसेस्ड फूड चिप्स, नमकीन, अचार और बाहर का खाना अक्सर ज्यादा नमक से भरे होते हैं। इसके साथ ही लगातार काम का दबाव, पारिवारिक समस्याएं या मानसिक तनाव लंबे समय से बने रहने से बीपी बढ़ जाता है। दिनभर बैठे रहना, एक्सरसाइज न करना और मोटापा भी बढ़ने लगता है।

**खानपान की बातों पर ध्यान दें** : इस बात का ध्यान रखें कि प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन, तंबाकू और शराब से सेवन से धमनियों को नुकसान पहुंचाता है और हाइपरटेंशन का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ ही वजन बढ़ जाता है और पेट के आसपास की चर्बी, हृदय पर दबाव बन जाता है और बीपी बढ़ाती जाती है।

**हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के तरीके** : उच्च रक्तचाप की समस्या से बचने के लिए समय-समय पर अपना ब्लड प्रेशर चेक कराते रहना चाहिए। इसके साथ ही पौष्टिक और कम नमक युक्त भोजन को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। रोजाना लगभग 30 मिनट तक एक्सरसाइज करें- जैसे तेज चाल से चलना या व्यायाम करना।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

### पंचायतों में विशेष प्रमाण-पत्र शिविर के दूसरे दिन 2,702 आवेदन प्राप्त

# 15 से 17 जून तक पंचायत स्तर पर मिल रही सुविधा विद्यार्थियों एवं अभ्यर्थियों को होगा सीधा लाभ

**संवाददाता**

**साहिबगंज:** आगामी शैक्षिक सत्र विभिन्न नियुक्तियों छात्रवृत्तियों व अन्य सरकारी योजनाओं के लिए आवश्यक जाति आय व स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र समय पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, साहिबगंज द्वारा आज दिनांक 16 जून 2026 से जिले की सभी पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।यह विशेष शिविर 15 जून से 17 जून 2026 तक पंचायत सचिवालय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।जहां आवेदकों से जाति, आय एवं स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन प्राप्त



कर ऑनलाइन प्रविष्टि की जा रही है। शिविर में प्रतिनियुक्त कर्मियों एवं वीएलई/सीएससी संचालकों द्वारा आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर झारसेवा पोर्टल पर आवेदन दर्ज कर आवेदकों को तत्काल प्राप्ति रसीद उपलब्ध कराई जा रही है।शिविर के दूसरे दिन जिलेभर से नागरिकों की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार विभिन्न प्रखंडों में कुल 2,702 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें जाति प्रमाण-पत्र हेतु 1075, स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र हेतु 1423 तथा आय प्रमाण-पत्र हेतु 204 आवेदन शामिल हैं। इनमें से अद्यतन 1293 आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि भी की जा चुकी है। जिसमें 566 जाति, 651 स्थानीय निवासी तथा 76 आय प्रमाण-पत्र से संबंधित आवेदन शामिल हैं।जिला प्रशासन द्वारा यह विशेष पहल आम नागरिकों विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अभ्यर्थियों को उनके पंचायत स्तर पर ही सुविधाजनक एवं त्वरित सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। शिविरों के माध्यम से लोगों को प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए प्रखंड या जिला मुख्यालय नहीं आना पड़ेगा जिससे समय एवं संसाधनों की बचत होगी।उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि जिन नागरिकों को जाति, आय अथवा स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है।वे अपने निकटतम पंचायत सचिवालय पहुंचकर इस विशेष सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं और कल शिविर के अंतिम दिन आवेदन समर्पित करें।

### गंगा में डूबे 15 वर्षीय किशोर, रेस्क्यू ऑपरेशन में देरी से बढ़ा आक्रोश

# बजरंग दल ने एनडीआरएफ की स्थायी तैनाती की मांग उठाई

**संवाददाता**

साहिबगंज:वीते दिन एक हृदयविदारक घटना ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। गंगा नदी के घाट पर एक 15 वर्षीय बालक के डूबने की सूचना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। 24 घंटा बीतने के बाद शव बरामद हुई ।इस दुःखद अवसर पर, बजरंग दल के जिला प्रचार प्रसार साह प्रमुख पंकज मंडल ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने स्थानीय प्रशासन की आपदा प्रबंधन प्रणाली पर तीखे सवाल खड़े किए हैं। प्रशासन की विफलता और एनडीआरएफ की आवश्यकता पंकज मंडल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा की यह केवल एक दुर्घटना नहीं बल्कि प्रशासनिक तंत्र की विफलता है। साहिबगंज गंगा के तट पर स्थित है।जहाँ हर वर्ष दर्जनों परिवार



अपने प्रियजनों को डूबने के कारण खो देते हैं। जबकि एक 15 वर्षीय बच्चे के लापता होने के बाद हम फिर से वही लाचारी देख रहे हैं। स्थानीय स्तर पर गोताखोरों की कमी और आधुनिक रेस्क्यू उपकरणों के अभाव ने बचाव कार्य को बाधित कर दिया है।बजरंग दल ने आरोप लगाया कि साहिबगंज में एनडीआरएफ की स्थायी टीम न होना जिले के निवासियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। यदि यहाँ एनडीआरएफ की आधुनिक टीम तैनात होती तो समय रहते किशोर को बचाने की संभावना काफी अधिक थी।

**प्रमुख मांगें**

साहिबगंज में अविलंब एनडीआरएफ की एक पूर्णकालिक और स्थायी इकाई की स्थापना की जाए।

गंगा के मुख्य घाटों पर लाइफगार्ड और सुरक्षाकर्मियों की 24/7 तैनाती सुनिश्चित हो,प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में ऐसी किसी भी आपदा की स्थिति में बचाव कार्य के लिए पड़ोसी जिलों पर निर्भर न रहना पड़े,पंकज मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि जिला प्रशासन इस मांग पर शीघ्र संज्ञान नहीं लेता है। तो बजरंग दल सड़कों पर उतरकर जनहित में आंदोलन करने के लिए विवश होगा।

## झारखंड मजदूर संघ प्रजा जिला महिला कमेटी साहिबगंज का पुनर्गठन हुआ



**संवाददाता**

**साहिबगंज:** निरीक्षण भवन पथ निर्माण विभाग राजमहल में झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक जिला महिला कमेटी का पुनर्गठन केंद्रीय उपाध्यक्ष सह जिला महिला संगठन प्रभारी फूल कुमारी देवी के अध्यक्षता में जिला महिला कमेटी की विस्तार संगठन मजबूती के लिए बैठक आयोजित हुई।इस बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव उपस्थित हुए।बैठक मे केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि झारखंड मजदूर संघ प्रजा जिला महिला कमेटी साहिबगंज का पुनर्गठन हुआ है। वैसे समाज में आधी आबादी वाली महिला समूह को समाज के प्रति आगे आने की बातें करें।दहेज प्रथा,बाल मजदूरी, डायन प्रताड़ित होना नशा उन्मूलन के लिए समाज में आगे आने के लिए झारखंड में महिला कमेटी का पुनर्गठन होना जरूरी है।महिला कमिटी मे जिला अध्यक्ष सोनिया परवीन,उपाध्यक्ष नीरजा बीवी,सहायक मंत्री मौसमी कुमारी कोषाध्यक्ष,बालिका कुमारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य सौंपा चौधरी एवं तापोशी चौधरी,रीना कुमारी,सफीना बीवी,काजल देवी को बनाया गया।

## पिछले वर्षों में लगाए गए आम के बागानों से अब फल उत्पादन शुरू हो गया : यूसुफ

**संवाददाता**

**साहिबगंज:** बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत आज प्रखंड सभागार राजमहल में आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख लक्ष्मी उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. यूसुफ और जिला परिषद सदस्य मो. बारीक शेख द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।बीपीओ श्वेता ने योजना की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पिछले वर्षों में लगाए गए आम के बागानों से अब फल उत्पादन शुरू हो गया है। जिससे लाभुकों की आय में वृद्धि हो रही है। बीपीएम राजेश कुमार ने लाभुकों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित




किया।जिला परिषद सदस्य मो. बारीक शेख ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना ग्रामीणों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। वहीं बीडीओ मो. यूसुफ ने बताया कि झारखंड के आम अब विदेशों तक पहुंच रहे हैं, जो राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में राजमहल प्रखंड में योजना के तहत लगभग 20 मीट्रिक टन आम का उत्पादन हुआ है। आने वाले वर्षों में इसे और बढ़ाने का लक्ष्य है।

कार्यक्रम का संचालन बीपीओ गगन बापू ने किया व धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड समन्वयक सह प्रभारी डीपीएम अभिजीत कुमार ने किया।इस अवसर पर प्रखंड और अंचल कर्मी एवं अन्य उपस्थित थे।

## जेजेए का बोरियो में हुआ संगठन विस्तार

**संवाददाता**

**साहिबगंज:** क्षेत्र में अमन-चैन, आपसी भाईचारा और खुशहाली बनाए रखने के उद्देश्य से मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव ने रक्सी स्थान स्थित प्रसिद्ध मां रक्सी देवी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी।थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव ने पुरोहितों के मंत्रोच्चार के बीच मां रक्सी देवी को नारियल,चुनरी और फूल-माला अर्पित की।उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि,अच्छी फसल,बेहतर स्वास्थ्य और शांतिपूर्ण माहौल की कामना करते हुए विशेष आरती में हिस्सा लिया।इस अवसर पर थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव ने कहा कि मां रक्सी देवी इस पूरे क्षेत्र की आस्था का केंद्र हैं।उनकी कृपा से ही मिजाचौकी और आस-पास के गांवों में सुख,शांति और समृद्धि



का वास बना रहे।पुलिस का काम सिर्फ कानून व्यवस्था संभालना नहीं,बल्कि लोगों के सुख-दुख में साथ खड़ा होना भी है।पूजा में मिजाचौकी साहिबगंज और आस-पास के गांवों से आए बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।भक्तों ने मां के जयकारे लगाए और प्रसाद ग्रहण किया।स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना प्रभारी द्वारा इस तरह धार्मिक आयोजनों में शामिल होने से पुलिस और जनता के बीच दूरी कम होती है और विश्वास बढ़ता है।थाना प्रभारी ने आम लोगों से अपील कि क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखें।किसी भी अफवाह या विवाद की स्थिति में ला तुरंत पुलिस को सूचना दें।उन्होंने गुज भरोसा दिलाया कि पुलिस हर ग्रान समय जनता की सेवा और सुरक्षा गंभके लिए तत्पर है।पूजा के बाद मंदिर परिसर में भंडारे का भी आयोजन किया गया,जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### बिंदुधाम दुर्गा मंदिर निर्माण कार्य में रोक लगने से ग्रामीण आक्रोशित

# सैकड़ो ग्रमीणों ने रांगा थाना व अंचलाधिकारी को की लिखित शिकायत

**संवाददाता**

**साहिबगंज/पतना:** प्रखंड के झिकटिया बिंदुधाम से एक अनोखा मामला प्रकाश में आया है,जो सामाजिक और धार्मिक दृष्टिकोण से लोगों की आस्था पर सीधा प्रहार है।दरअसल मामला यह है कि बिंदुधाम मंदिर के प्रवेश द्वार के समीप स्थित दुर्गा मंदिर जो वर्षों से अर्धनिर्मित स्थित में हैं।सालो से यहाँ हर वर्ष दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जाती है दुर्गा मंदिर कमिटी द्वारा लाखो रुपये का चंदा भी संग्रह किया जाता है परंतु दुर्गा पूजा के बाद कमिटी के लोग गहरी नींद में सो जाते है,मंदिर में न ही छत है न ही



दीवार।चंदे की राशि का कोई लेखा जोखा नहीं,और न ही वर्षो से इस मंदिर में एक ईंट तक जोड़ी गई है।माता रानी के इस अधूरे और खुले पड़े मंदिर प्रांगण में पशु- पक्षियों द्वारा मल-मूत्र कर गंदगी फैलाने से स्थानीय ग्रमीण काफी नाराजगी जता रहे थे। ग्रमीणों को उम्मीद थी कि मंदिर का निर्माण कार्य जल्द सम्पन्न किया जाएगा परन्तु वर्षो बीतने के बाद भी कुछ नहीं होने के बाद झिकटिया के ग्रामीण समाजसेवी दिनेश कर्मकार से अधूरे पड़े दुर्गा मंदिर का निर्माण करवाने का आग्रह किया।जिसके बाद समाजसेवी दिनेश कर्मकार ने ग्रमीणों से कहा कि जल्द से मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों के आग्रह के बाद समाजसेवी दिनेश कर्मकार दुर्गा मंदिर पहुँचकर मंदिर का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य के लिए ईंट इत्यादि की व्यवस्था कर दुर्गा मंदिर प्रांगण में गिराने का काम किया।

परन्तु किसे पता था कि सामाजिक जनप्रतिनिधि के परिवार ही धर्मविरोधी कार्यशैली कर लोगों की आस्था को ठेस पहुँचायेंगे।15 जून सोमवार को जैसे ही मंदिर का कार्य शुरू करने की प्रकिया शुरू होने ही वाली थी कि झिकटिया के एक ही परिवार के सदस्यगण मंदिर निर्माण कार्य में रोक लगा दिया।जिससे ग्रामीणों की आस्था को ठेस तो पहुँची ही साथ ही लोग आश्चर्य चकित भी हुए की एक जनप्रतिनिधि मुखिया के परिवार के द्वारा धार्मिक और सामाजिक कार्य बाधा डालना समझ के परे है। हलाँकि स्थानीय मामले को लेकर सैकडो ग्रमीणों ने रांगा थाना एवं पतना अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन देते हुए तलामय टुडु पति-स्व.चांदु सोरेन ,जय सोरेन पिता-स्व.चांदु सोरेन एवं पार्वती सोरेन पिता-स्व चांदु सोरेन सभी साकिन-झिकटिया थाना-रांगा के खिलाफ आवश्यक कानूनी

---

**न्यूज IN ब्रीफ**

## वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं का आकलन कर 21 लाभार्थियों का हुआ चयन



**साहिबगंज :** समाज के जरूरतमंद वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सम्मानपूर्वक आत्मनिर्भर जीवन जीने में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से नगर परिषद साहिबगंज में एडीआईपी एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत विशेष पंजीकरण एवं लाभार्थी चयन शिविर का आयोजन किया गया।शिविर के दौरान दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं का आकलन कर कुल 21 लाभार्थियों का चयन किया गया। इनमें 18 दिव्यांगजन तथा 03 वरिष्ठ नागरिक 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग शामिल हैं।चयनित लाभार्थियों को उनकी शारीरिक आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे जिससे वे दैनिक जीवन की गतिविधियों को अधिक सहजता एवं आत्मविश्वास के साथ संपादित कर सकें।शिविर में मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल, स्मार्ट केन, व्हीलचेयर, सीपी चेयर एल्बो क्रच एक्सिला क्रच नी–ब्रेस एल.एस. ब्रेस कमोड चेयर एवं वॉकिंग स्टिक जैसे सहायक उपकरणों हेतु लाभार्थियों का चयन किया गया। ये उपकरण दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों की गतिशीलता बढ़ाने उनकी निर्भरता कम करने तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र दिव्यांगजन अथवा वरिष्ठ नागरिक आवश्यक सहायक उपकरणों के अभाव में कठिनाइयों का सामना न करे। ऐसे शिविर समाज के संवेदनशील एवं समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं, जो लाभार्थियों को आत्मसम्मान, सुरक्षा एवं स्वालंबन के साथ जीवन जीने का अवसर प्रदान करते हैं।जिला प्रशासन ने सभी पात्र दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों से सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा अपने आसपास के जरूरतमंद व्यक्तियों को भी इन योजनाओं से जोड़ने की अपील की है।

**अवैध तस्करी के खिलाफ आरपीएफ का अभियान जारी**

## ट्रेन से तस्करी के अवैध विदेशी शराब बरामद



साहिबगंज/बरहरवा : आरपीएफ की टीम द्वारा अवैध तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। और इसी क्रम में बरहरवा रेलवे स्टेशन पर आने–जाने वाली ट्रेनों में अवैध रूप से ले जाए जा रहे विदेशी मदिरा विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व मे 13409 अप इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन सीट के नीचे से एक बैग में भरा काफी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया ।आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि चेकिंग के दौरान ट्रेन संख्या 13409 समय 07:15 बजे बरहरवा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या–01 पर आई। ट्रेन के गार्ड साइड स्थित जनरल कोच संख्या ईआर/125012/सी की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कोच की सीट के नीचे एक काले रंग का पिट्ठू बैग रखा हुआ पाया गया। उक्त बैग के संबंध में कोच में उपस्थित यात्रियों से पूछताछ की गई, परंतु किसी भी यात्री ने बैग पर अपना दावा नहीं किया। इसके उपरांत यात्रियों की उपस्थिति में बैग का चैन खोलकर देखा गया, जिसमें विदेशी मदिरा रखी हुई पाई गई। उक्त बैंक में विभिन्न ब्रांड के 4.875 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया. जिसकी अनुमानित कीमत 4680 रुपैया हैं. जब्त विदेशी मदिरा को आवश्यक कार्रवाई हेतु आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया तथा इस संबंध में उत्पाद विभाग,साहिबगंज को सूचित किया गया।आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधयों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,तस्करी के खिलाफ ये अभियान लगातार जारी रहेगी।

## इग्नू में सत्रांत परीक्षा का सफल आयोजन



**साहिबगंज :** महाविद्यालय मे हुआ परीक्षा दो पाली में आयोजित की गई, जिसका निरीक्षण इग्नू अध्ययन केंद्र कोड–3605 के केंद्राधीक्षक डॉ ध्रूब ज्योति कुमार सिंह ने किया।डॉ.सिंह ने बताया कि प्रथम पाली में छह विषयों की परीक्षा हुई,जिसमें कुल 37 परीक्षार्थियों में से 32 उपस्थित और 5 अनुपस्थित रहे।वहीं,द्वितीय पाली में कुल 15 विषयों की परीक्षा में 177 विद्यार्थियों में 162 उपस्थित और 15 अनुपस्थित पाए गए।साथ ही डॉ.सिंह ने जानकारी दी कि इग्नू में जुलाई 2026 सत्र के लिए विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों,बीए, बीएससी बीकॉम बीसीए मास्टर्स, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स में नव नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 है।उन्होंने कहा की इग्नू से संबधित अधिक जानकारी एवं परामर्श के लिए इग्नू अध्ययन केंद्र 3605 साहिबगंज महाविद्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## शहीद कुंदन कुमार ओझा वीर चक्र प्राप्त मरणोपरांत 16 बिहार रेजीमेंट की छठा बलिदान दिवस



**साहिबगंज :** शहीद कुंदन कुमार ओझा वीर चक्र प्राप्त मरणोपरांत 16 बिहार रेजीमेंट की छठा बलिदान दिवस उनके गांव डेहारी में मनाया गया।सभा की अध्यक्षता शिवशंकर यादव ने किया ।जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आनन्द, एसडीपीओ सुशील कुमार,सदर वीडियो बासुकीनाथ टुडू वीडीओ मंदरो वीडीओ सह सीओ मेघनाथ उरांव,झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण सिंह,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रामदरश यादव सहित अन्य उपस्थित थे।राष्ट्रगान के पश्चात कुंदन कुमार ओझा के तैल चित्र पर जिला प्रशासन और जिला पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधियों ने माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित शहीद ओझा के वीर पिता शिवशंकर ओझा को झारखंड राजभाषा साहित्य अकादमी के सचिव सच्चिदानंद ने अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।सूबेदार मेजर नरेंद्र नाथ साहा 16 बिहार रेजीमेंट ने गलवान घाटी के कर्नल संतोष बाबू सहित अन्य 20 शहीद जवानों के वीरता की चर्चा किया और उन्हें नमन किया।कार्यक्रम को डॉक्टर सच्चिदानंद,झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह,अनुमंडल अधिकारी अमर जॉन आइंड,सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी बासुकीनाथ टुडू एसडीपीओ सुशील कुमार,मुफ्फसिल थाना प्रभारी अनीस पाण्डेय आदि ने संबोधित किया।सभी वक्ताओं ने एक स्वर में शहीद ओझा की स्मृति को अस्थाई तो देने के लिए गांव में उनके नाम पर पुस्तकालय व विद्यालय संचालित करने का मन जिला प्रशासन के समक्ष रखा।कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार ने किया।

## बच्चों से भरा स्कूल वैन दुर्घटनाग्रस्त, पांच बच्चे सहित चालक घायल

**इचाक :** थाना क्षेत्र के इचाक दरहा पथ कुरथीया टांड के पास बच्चों से भरा एक स्कूली वैन के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें बैठे पांच बच्चे सहित चालक घायल हो गए। घायलों में ऑनी कुमारी 7 वर्ष,रिद्धि कुमारी 5 वर्ष को अधिक चोटें आई है। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं आंशिक रूप से घायल शिवम कुमार 9 वर्ष,पूर्वी कुमारी 7 वर्ष ,भाई–बहन, रानी कुमारी 8 वर्ष को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। घटना में गंभीर रूप से घायल वैन चालक दिवाकर मिश्र उम्र 29 वर्ष को बेहोशी की हालत में रिम्स रेफर किया गया है। घटना मंगलवार सुबह 6:45 बजे की है। घटना के बाद बच्चों की चीख पुकार से कुरथिया जंगल में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। घटना की सूचना पर स्कूल के अन्य शिक्षकों और परिजनों ने घायल बच्चे और चालक को तत्काल अस्पताल ले गया। जिसके चलते बड़ा हादसा होने से टल गया। घायल बच्चों के परिजनों में बाबू गोप, अनिल कुशवाहा, निरंजन कुशवाहा महेश प्रजापति ने बताया कि डेवलप पब्लिक स्कूल रतनपुर के चालक दिवाकर मिश्र बच्चों को लेने मंगलवार सुबह गांव पहुंचे। वे 6:30 बजे बच्चों को लेकर स्कूल जा रहे थे। वाहन जैसे ही कुरथिया जंगल पहुंची की चालक ने वैन से नियंत्रण खो दिया। जिसके चलते बाएं किनारा को छोड़, दायीं ओर वैन करीब डेढ़ सौ फीट अंदर जंगल में घुस गया।

### विजय -रश्मिका ने

# निभाया अपना वादा

## होनहार छात्रों को किया सम्मानित

### वायरल हुआ वीडियो



विजय देवरकोंडा अपनी पत्नी और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ तेलंगाना के अचमपेट मंडल के थुम्मनपेट गांव पहुंचे। वहां उन्होंने पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्रों को सम्मानित किया। इस दौरान विजय सिंपल लुक में नजर आए। वहीं रश्मिका ट्रेडिशनल साड़ी में नजर आई। मशहूर अभिनेता विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपने सामाजिक कार्यों के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने सरकारी स्कूलों के होनहार बच्चों की मदद के लिए एक नई शैक्षिक पहल शुरू की है।

जिसके कई वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। साउथ अभिनेता विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना सिनेमा जगत से परे भी अपने परोपकारी कार्यों के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने एक नई शैक्षिक पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य सरकारी स्कूलों के प्रतिभाशाली छात्रों को सहयोग देना और उन्हें बेहतर अवसर प्राप्त करने में मदद करना है। इस साल की शुरुआत में शुरू की गई इस योजना का मकसद सरकारी स्कूलों के उन मेहनती बच्चों को बढ़ावा देना है, जिन्होंने 9वीं और 10वीं कक्षा में बहुत अच्छे नंबर हासिल किए हैं। इस कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के 180 जरूरतमंद और योग्य छात्रों को स्कॉलरशिप दी जाएगी।

# महेश भट्ट ने की वीर पहाड़िया स्टारर नाम - टू लिव इज़ वॉर की आधिकारिक घोषणा



मुंबई अभिनेता वीर पहाड़िया ने अपनी अगली बड़ी फिल्म 'नाम - टू लिव इज़ वॉर' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस फिल्म को दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। आने वाली यह फिल्म एक डार्क एक्शन थ्रिलर बताई जा रही है, जिसमें वीर एक दमदार और रफ-टफ अवतार में नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में हाई-ऑक्टेन एक्शन के साथ मजबूत इमोशनल ड्रामा का भी मेल देखने को मिलेगा, जिससे यह वीर की बढ़ती फिल्मोग्राफी की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक मानी जा रही है। फिल्म को लेकर उत्साह को और बढ़ाते हुए खबर है कि अभिनेता वरुण शर्मा पहली बार अपने करियर में नेगेटिव रोल निभाते नजर आएंगे। अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग और हल्के-फुल्के किरदारों के लिए पहचाने जाने वाले वरुण का यह नया अवतार दर्शकों और इंडस्ट्री के बीच पहले से ही जिज्ञासा पैदा कर रहा है। फिलहाल फिल्म में वीर और वरुण के बीच टकराव को इसकी बड़ी खासियतों में से एक माना जा रहा है। गौरतलब है कि 'नाम - टू लिव इज़ वॉर' वीर पहाड़िया की तीसरी फिल्म होगी। उन्होंने 'स्काई फोर्स' से अपना डेब्यू किया था, जबकि उनकी दूसरी अनटाइटल्ड फिल्म इसके रिलीज़ से पहले सिनेमाघरों में आने की उम्मीद है।

### शिल्पा शेट्टी ने मोबिलिटी चैलेंज

# वर्कआउट के साथ मंडे मोटिवेशन की डोज दी



अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने फिटनेस के शौकीनों के लिए 'मंडे मोटिवेशन' का डोज देकर सप्ताह की शुरुआत की। अपनी हालिया पोस्ट में शिल्पा शेट्टी ने बैलेंस, फ्लेक्सिबिलिटी और पूरे शरीर पर कंट्रोल बेहतर बनाने पर केंद्रित एक मोबिलिटी चैलेंज वर्कआउट शेयर किया। कैप्शन में उन्होंने फैंस को अपने फिटनेस लक्ष्यों के प्रति लगातार बने रहने के लिए भी प्रोत्साहित किया। वीडियो में, 'धड़कन' फिल्म की एक्ट्रेस को बैलेंस, फ्लेक्सिबिलिटी और नियंत्रित मूवमेंट पर ध्यान देते हुए मोबिलिटी चैलेंज वर्कआउट करते हुए देखा जा सकता है। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'आपका बैलेंस कितनी बार बिगड़ा? सच-सच बताइए। मोबिलिटी चैलेंज के फायदे, कई तरह की मूवमेंट से कंधे की मोबिलिटी और फ्लेक्सिबिलिटी बेहतर होती है। बेहतर पोस्चर और मूवमेंट के लिए ऊपरी और बीच की पीठ (थोरेसिक स्पाइन) की मोबिलिटी बढ़ती है। हिप मोबिलिटी बढ़ती है, जिससे आप ज़्यादा आसानी और अच्छे से मूव कर पाते हैं। बैलेंस, तालमेल और पूरे शरीर पर कंट्रोल को चुनौती मिलती है। मोटर कंट्रोल बेहतर होने के साथ-साथ शरीर को स्थिर रखने वाली मांसपेशियां मजबूत होती हैं। मूवमेंट के तरीके बेहतर होते हैं और जोड़ों की सेहत अच्छी रहती है। शरीर के प्रति जागरूकता, फोकस और फंक्शनल फिटनेस बढ़ती है। शिल्पा शेट्टी अक्सर अपने वर्कआउट और योग सेशन के वीडियो शेयर करती रहती हैं, जिससे उनके फिटनेस रूटीन की झलक मिलती है। इस बीच शिल्पा शेट्टी ने हाल ही में अपना 51वां जन्मदिन मनाया। उन्होंने अपने शानदार जन्मदिन के सेलिब्रेशन की एक प्यारी सी झलक शेयर की, जिसे उन्होंने अपने परिवार के साथ मनाया। एक्ट्रेस ने इस खास दिन का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। क्लिप में शिल्पा अपने पति राज कुंद्रा के साथ केक काटती हुई दिख रही हैं, जबकि उनके बच्चे उनके लिए जन्मदिन का गाना गा रहे हैं। बच्चों को प्यार करने वाली इस मां ने केक का मजा लिया और उन्हें एक खास तोहफ़ा भी मिला, जिसने उन्हें हैरान कर दिया। इस प्यारे से वीडियो के साथ शिल्पा शेट्टी ने लिखा, 'अपने चाहने वालों के साथ एकदम परफेक्ट जन्मदिन। आपकी सभी शुभकामनाओं और आशीर्वाद के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। दिल बहुत सारे प्यार से भर गया है। दिल से आभार।




### अखिल की

# 'लेनिन' फिर टली

अखिल अक्किनेनी की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'लेनिन' एक बार फिर पोस्टपोन हो गई है। यह तीसरी बार है जब फिल्म की रिलीज डेट बदली गई है। अखिल अक्किनेनी की आने वाली फिल्म 'लेनिन' पहले 26 जून को सिनेमाघरों में आने वाली थी, लेकिन अब इसे आगे बढ़ा दिया गया है। मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है। इस बार फिल्म टालने की सबसे बड़ी वजह राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' का शानदार प्रदर्शन बताया जा रहा है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है और दुनियाभर में लगभग 400 करोड़ रुपये के करीब पहुंच रही है। मेकर्स का कहना है कि 'पेद्दी' अभी सिनेमाघरों में अच्छा चल रही है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा स्क्रीन उसी को मिल रही हैं। ऐसे में 'लेनिन' को थोड़ा आगे बढ़ाना सही फैसला लगा।

### 'जन नायकन' से पहले

# थलपति विजय का बड़ा धमाका



### ● अब थिएटर्स में आ रही ये हिट फिल्म

थलपति विजय 22 जून को 52 साल के होने जा रहे हैं. उनका जन्मदिन आने में अभी कुछ दिन बाकी हैं लेकिन उनके फैंस के लिए सरप्राइज अभी से तैयार हो गया है. थलपति विजय के 52वें जन्मदिन पर बड़ा धमाका होने जा रहा है. 'जन नायकन' की रिलीज से पहले उनकी एक हिट फिल्मों थिएटरों में दस्तक देने वाली है. थलपति विजय की 'जन नायकन' सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट न मिलने की वजह से अटकी है और इसकी रिलीज डेट पर फिलहाल तलवार लटकी हुई है. जहां एक तरफ 'जन नायकन' अभी रिलीज नहीं हुई है, वहीं दूसरी तरफ उनके जन्मदिन से पहले हिट फिल्म 'मर्सल' थिएटरों में री-रिलीज होने जा रही है. थलपति विजय की 'जन नायकन' सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट न मिलने की वजह से अटकी है और इसकी रिलीज डेट पर फिलहाल तलवार लटकी हुई है. जहां एक तरफ 'जन नायकन' अभी रिलीज नहीं हुई है, वहीं दूसरी तरफ उनके जन्मदिन से पहले हिट फिल्म 'मर्सल' थिएटरों में री-रिलीज होने जा रही है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एटली के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'मर्सल' थलपति विजय के 52वें जन्मदिन से पहले दोबारा रिलीज होगी. थलपति विजय का जन्मदिन सोमवार (22 जून) को है, इसलिए 'मर्सल' 19 जून को ही बड़े पर्दे पर रिलीज हो जाएगी. इससे उनके खास फैंस के लिए ये सेलिब्रेशन एक शानदार वीकेंड ट्रीट बन जाएगा. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एटली के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'मर्सल' थलपति विजय के 52वें जन्मदिन से पहले दोबारा रिलीज होगी. थलपति विजय का जन्मदिन सोमवार (22 जून) को है, इसलिए 'मर्सल' 19 जून को ही बड़े पर्दे पर रिलीज हो जाएगी. इससे उनके खास फैंस के लिए ये सेलिब्रेशन एक शानदार वीकेंड ट्रीट बन जाएगा. थलपति विजय की 'मर्सेल' 19 जून को चेन्नई, चेंगलपेट, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जैसे जिले में लगभग 100 थिएटर स्क्रीन्स पर दिखाई जाएगी. 18 अक्टूबर 2017 को रिलीज हुई इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में थलपति विजय, समांथा रुथ प्रभु, काजल अग्रवाल, नित्या मेनन, योगी बाबू, यदिवेलू और कोवई सरला जैसे कलाकार शामिल थे. थलपति विजय की 'मर्सेल' 19 जून को चेन्नई, चेंगलपेट, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जैसे जिले में लगभग 100 थिएटर स्क्रीन्स पर दिखाई जाएगी. 18 अक्टूबर 2017 को रिलीज हुई इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में थलपति विजय, समांथा रुथ प्रभु, काजल अग्रवाल, नित्या मेनन, योगी बाबू, यदिवेलू और कोवई सरला जैसे कलाकार शामिल थे.

# टाइम पत्रिका-2026 की खेल प्रभावशाली सूची में शामिल हुए स्मृति मंधाना और टेम्बा बावुमा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** विश्व की प्रतिष्ठित टाइम पत्रिका की वर्ष 2026 की ह्यखेल जगत के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियोंह्व की सूची में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा को स्थान मिला है। दोनों इस सूची में शामिल होने वाले इकलौते क्रिकेट खिलाड़ी बने हैं। इस सूची में दुनिया के कई बड़े खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है, जिनमें बास्केटबॉल, फुटबॉल, टेनिस और गोल्फ के दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं। मंधाना और बावुमा को पत्रिका ने ह्यटाइटन्सह्व श्रेणी में रखा है। स्मृति मंधाना को लेकर टाइम पत्रिका ने लिखा कि भारतीय महिला क्रिकेट की यह बल्लेबाज लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। वह घरेलू एकदिवसीय क्रिकेट में दोहरा शतक



लगाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर भी हैं। पत्रिका ने बताया कि मंधाना महिला अंतरराष्ट्रीय. क्रिकेट में सर्वाधिक शतकों के संयुक्त रिकॉर्ड की धारक हैं और एक कैलेंडर वर्ष में एक हजार से अधिक एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर भी बनीं। टीम उपलब्धियों में भी मंधाना ने बड़ी सफलता हासिल की। उनकी कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने महिला प्रीमियर लीग 2024 और 2026 का खिताब जीता। वहीं वह पिछले वर्ष महिला विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की उपकप्तान भी रहीं।वर्ष 2024 में उन्होंने महिला क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया और अगले वर्ष खुद ही उस रिकॉर्ड को बेहतर किया। इसी प्रदर्शन के लिए उन्हें वर्ष 2025 का बीबीसी भारतीय खेल महिला सम्मान भी मिला। मंधाना इस समय इंग्लैंड में खेले जा रहे महिला टी-20 विश्व कप में हिस्सा ले रही हैं, जहां उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत में 44 गेंदों पर 68 रन की मैच विजेता पारी खेली।

दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा को लेकर टाइम पत्रिका ने लिखा कि उन्होंने अपने खेल से देश में नई पहचान बनाई। वर्ष 2016 में वह टेस्ट क्रिकेट में शतक लगाने वाले पहले अश्वेत दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बने और वर्ष 2021 में देश के पहले अश्वेत कप्तान बने। पिछले वर्ष उनकी कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका ने भारत में ऐतिहासिक टेस्ट श्रृंखला जीत दर्ज की और इसके बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब भी अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में चोट के बावजूद बावुमा की 66 रन की पारी टीम की जीत में निर्णायक साबित हुई। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीत के बाद बावुमा ने कहा था कि वह चाहते हैं कि उनकी उपलब्धियां पूरे देश के लिए प्रेरणा बनें।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले मुंबई में फिट इंडिया साइक्लोथॉन का नेतृत्व करेंगे डॉ. मनसुख मांडविया

एजेंसी

**मुंबई :** मुंबई में 21 जून को होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया प्रतिष्ठित वर्ली तटीय साइकिल ट्रैक पर विशेष फिट इंडिया साइक्लोथॉन ह्य साइक्लिंग बाय द सी का नेतृत्व करेंगे। यह विशेष आयोजन 17 जून को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के क्षेत्रीय केंद्र, मुंबई द्वारा फिट इंडिया आंदोलन के तहत आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में लगभग 250 साइकिल चालक मंत्री के साथ मुंबई के समुद्री तट के किनारे साइकिल यात्रा में भाग लेंगे। सुबह 6:30 बजे से शुरू होने वाले इस आयोजन का उद्देश्य फिटनेस को जन आंदोलन बनाना और लोगों को सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत साइक्लिंग, योग और अन्य शारीरिक



गतिविधियों के माध्यम से स्वस्थ समाज के निर्माण पर लगातार बल दिया जा रहा है।अरब सागर के किनारे आयोजित होने वाला यह साइक्लोथॉन फिट इंडिया आंदोलन के उस संदेश को मजबूत करेगा जिसमें स्वस्थ नागरिक, स्वच्छ शहर और मजबूत खेल संस्कृति को भारत के भविष्य की दिशा माना गया है। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से ठीक पहले हो रहा है और इस बात को रेखांकित करता है कि फिटनेस और स्वास्थ्य एक-दूसरे के पूरक हैं। पिछले एक वर्ष में डॉ. मांडविया ने ह्यसंडेज ऑन साइकिलह्व अभियान के माध्यम से साइक्लिंग को व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण दोनों के लिए प्रभावी माध्यम के रूप में बढ़ावा दिया है।दिसंबर 2024 में शुरू की गई इस पहल से अब तक देशभर के 3 लाख से अधिक स्थानों पर 30 लाख से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा भारतीय साइक्लिंग महासंघ, योगासन भारत, राहगीरी फाउंडेशन और माई भारत के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। मुंबई साइक्लोथॉन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के वैश्विक आयोजन की प्रस्तावना के रूप में भी देखा जा रहा है। इस वर्ष योग दिवस में 180 से अधिक देशों में करोड़ों लोगों की भागीदारी होने की संभावना है। पिछले एक दशक में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियानों में शामिल हो चुका है और भारत इसकी अगुवाई कर रहा है।

# जी-7 सम्मेलन में दिखी भारतीय कूटनीति, पीएम मोदी ने ब्रिटेन यूएई, जापान, मिस्र और केन्या के नेताओं से की मुलाकात

– व्यापार, निवेश, नवाचार, एआई और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा

एजेंसी

**एवियन फ्रांस :** फ्रांस के एवियन में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई देशों के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर इन बैठकों की जानकारी साझा करते हुए विभिन्न देशों के साथ सहयोग को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जताई। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ हुई मुलाकात में दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन संबंधों में पिछले एक वर्ष के दौरान आई मजबूती पर संतोष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हालिया व्यापार समझौते ने आर्थिक सहयोग के नए अवसर खोले हैं। बैठक में नवाचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), कौशल विकास, खेल तथा निवेश



जैसे क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने पर विचार-विमर्श हुआ। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ बैठक में दोनों नेताओं ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और सशक्त बनाने के उपायों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई में रह रहे भारतीय समुदाय के प्रति वहां की सरकार द्वारा दिखाई जा रही संवेदनशीलता और सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ बातचीत में व्यापार और निवेश को प्राथमिकता देते हुए दोनों देशों के बीच बहुआयामी सहयोग को और गहरा करने पर सहमति बनी। दोनों नेताओं ने आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और मिस्र के बीच लंबे समय से चले आ रहे मैत्रीपूर्ण संबंधों को विशेष बताया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इसके अलावा केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो के साथ हुई बैठक में वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) की साझा आकांक्षाओं और विकास संबंधी चुनौतियों पर विचार-विमर्श हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और केन्या की साझेदारी आपसी विश्वास और विकास सहयोग पर आधारित है तथा दोनों देश अपने नागरिकों के कल्याण के लिए मिलकर कार्य करते रहेंगे। जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई इन बैठकों को भारत की सक्रिय वैश्विक कूटनीति और प्रमुख देशों के साथ बढ़ते सहयोग का महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और रणनीतिक साझेदारी जैसे क्षेत्रों में भारत की भूमिका लगातार मजबूत होती दिखाई दे रही है।

## योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त : कमलेश पासवान

**गोरखपुर :** राज्यमंत्री, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार कमलेश पासवान की अध्यक्षता में मंगलवार को एनेक्सी भवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सह–अध्यक्ष सदर सांसद रवि किशन, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह (ग्रामीण), विधायक विमलेश पासवान (बांसगांव), विधायक महेंद्र पाल सिंह (पिपराइच), विधायक सरवन निषाद (चौरी–चौरा) सहित ब्लॉक प्रमुख एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में समिति के सचिव एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अध्यक्ष, सांसद, विधायकों एवं महापौर का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद विभिन्न विभागों की योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में ग्रामीण विकास, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (ठफ्छट), स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन, पोषण अभियान, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, कृषि विकास, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा शहरी विकास सहित कई प्रमुख योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। अध्यक्ष कमलेश पासवान ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए।

# देश के युवा विकसित भारत का लक्ष्य साकार करने की सबसे बड़ी शक्तिः ओम बिरला

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने देश के युवाओं से वर्ष 2047 तक विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश के युवा विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में सबसे बड़ी शक्ति हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने मंगलवार को संविधान सदन के केंद्रीय हॉल में विकसित भारत युवा संसद 2026 के राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि युवाओं का दृढ़ संकल्प, नवोन्मेषी सोच और नेतृत्व क्षमता 2047 के भारत को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आने वाले वर्षों में भारत के युवा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और नवाचार में विश्व का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि आज, पूरी दुनिया भारत के युवाओं को आशा, आत्मविश्वास और भविष्य की संभावनाओं के प्रतीक के रूप में देखती है। विकसित भारत के स्वप्न की सामूहिक प्रकृति पर बल देते हुए





लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विकसित भारत का सपना किसी एक व्यक्ति, संस्था या सरकार की आकांक्षा नहीं है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना 140 करोड़ भारतीयों का साझा राष्ट्रीय संकल्प है। बिरला ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक इस लक्ष्य को हासिल करने की जिम्मेदारी काफी हद तक आज के युवाओं के कंधों पर है। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं की ऊर्जा, नवाचार, साहस और दृढ़ संकल्प ही विकसित भारत के सपने को साकार करने में सबसे शक्तिशाली क्षमता सिद्ध होंगे। इससे पहले केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। मांडविया ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं की परिवर्तनकारी भूमिका को रेखांकित किया। प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों ने एक कठिन चयन प्रक्रिया के माध्यम से यह स्थान प्राप्त किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोकसभा के अध्यक्ष के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर उनके लिए सौभाग्य की बात हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री के साथ युवा कार्यक्रम विभाग की सचिव पल्लवी जैन गोविल, लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह और अपर सचिव (युवा कार्यक्रम) नितेश मिश्र सहित मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। इस कार्यक्रम में देशभर के 757 विश्वविद्यालयों और संस्थानों से चयनित युवा प्रतिनिधियों ने भागीदारी करते हुए विकसित भारत@2047 की परिकल्पना पर अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में 15-17 जून तक विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में युवाओं की भागीदारी को परिपुष्ट करना और शासन, नीतिगत विचार-विमर्श और संसदीय कामकाज का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।

# सराफा बाजार में गिरावट का रुख

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज गिरावट का रुख बना हुआ है। भाव में आई गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सराफा बाजार में सोना आज 170 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 180 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चेन्नई में सोने के भाव में आज 120 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 130 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी आ गई है। चांदी के भाव में भी आज 200 रुपये प्रति किलोग्राम की सांकेतिक कमी आई है। भाव में आई गिरावट के कारण आज देश के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,51,360 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,53,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,38,740 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,40,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज 2,64,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,51,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,51,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना



1,38,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,51,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,53,370 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,40,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,51,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,51,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कार्गो सेवा भी शुरू, चेन्नई से नोएडा पहुंची पहली फ्लाइट

एजेंसी

**नोएडा :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बुधवार को कार्गो उड़ान सेवा भी शुरू हो गई। चेन्नई से आए पहले विमान को एयरपोर्ट पर सुबह वाटर कैनन से स्वागत किया गया। इसके लिए एफकॉम कंपनी के साथ समझौता किया गया है। यह मालवाहक (कार्गो) एयरलाइन है। यह विशेष माल परिवहन एवं आपूर्ति श्रृंखला सेवाएं प्रदान करने के लिए बोइंग 737-800 मालवाहक विमानों का उपयोग करती है। यह कंपनी ही एयरपोर्ट से कार्गो उड़ानें का संचालन करेगी। जानकारी के अनुसार एयर इंडिया सेट्स की ओर से कार्गो उड़ानों के लिए एयरपोर्ट में तैयारी की गई है। कपनी ने नोएडा एयरपोर्ट से मध्य पूर्व, दक्षिण पूर्व एशिया और यूरोप तक नेटवर्क जोड़ने की तैयारी की है। नियमित कार्गो उड़ानें शुरू होने के बाद नोएडा एयरपोर्ट पर मजबूत एयर कार्गो इकोसिस्टम बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। एयर इंडिया सेट्स ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लगभग 80 एकड़ में कार्गो हब तैयार किया है। यहां से कार्गो की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुविधाएं मिलेंगी। पहले चरण में कार्गो की वार्षिक क्षमता 2.55 लाख मीट्रिक टन है। यहां कार्गो टर्मिनल, वेयरहाउस, ट्रकिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया गया है। इसमें फ्रेट फॉरवार्डर्स के लिए वेयरहाउस सुविधा, कंसोलिडेशन सेंटर, ट्रकों की आवाजाही, डिजिटल शिपमेंट जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं।

# गुजरात के वडोदरा में बस हादसा, छह की मौत, 31 घायल

एजेंसी

**वडोदरा :** गुजरात के वडोदरा शहर के कोटंबी स्टेडियम के पास आज तड़के करीब चार बजे सड़क हादसे में छह लोगों की मौत और 31 अन्य घायल हो गए। मृतकों में 9 साल का लड़का भी शामिल है। घायलों को एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि राजस्थान के बांसवाड़ा से सूरत जा रही बालाजी ट्रैवल्स की यह लग्जरी बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गई। सूचना मिलते



ही एसडीआरएफ,एनडीआरएफ, वडोदरा फायर ब्रिगेड, पुलिस और अन्य बचाव दल पहुंचे। घायल यात्री बंसीलाल ने बताया कि वह काम के सिलसिले में राजस्थान से सूरत जा रहा था। हादसे के समय वह सो रहा था। अचानक जोरदार टक्कर हुई और ऐसा लगा जैसे करंट लग गया हो। उसके साथ दो अन्य युवक भी बस में सवार थे। एनडीआरएफ की 6वीं बटालियन के कमांडेंट सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह 4:40 बजे कंट्रोल रूम से हादसे की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर टीम ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। अब तक 24 यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया है, जबकि 5 शवों को बस से बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। यह सुनिश्चित करने के लिए जांच की जा रही है कि कोई अन्य यात्री अंदर फंसा न हो। मृतकों के नाम की घोषणा आधिकारिक तौर पर अभी नही हुई है।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक कुछ देर के लिए लाल निशान में भी गिर गए, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया। लिवाली के सपोर्ट से इन दोनों सूचकांकों ने रिकवर कर हरे निशान में अपनी जगह बना ली। सुबह 10:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.36 प्रतिशत और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। 10:30 बजे



तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ट्रेंट लिमिटेड, एटरनल, टेक महिंद्रा, नेस्ले और एचडीएफसी लाइफ के शेयर 3.30 प्रतिशत से लेकर 1.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, टीएमपीवी, ओएनजीसी, सिप्ला, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयर 1.52 प्रतिशत से लेकर 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,794 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,782 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,012 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर आठ शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 271.61 अंक की मजबूती के साथ 77 हजार अंक के स्तर को पार कर 77,080.09 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण थोड़ी ही देर में यह सूचकांक गिर कर लाल निशान में 76,768.49 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 280.08 अंक की बढ़त के साथ 77,088.56 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 55.40 अंक उछल कर 24,044.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण यह सूचकांक थोड़ी देर में ही लाल निशान में 23,969.70 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे यह सूचकांक रिकवर कर हरे निशान में पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 81.15 अंक की मजबूती के साथ 24,070.30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 544.15 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की मजबूती के साथ 76,808.48 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 135.25 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की उछाल के साथ 23,989.15 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### चिट्टा तस्करी में तीसरा आरोपी गिरफ्तार, करसोग से दबोचा गया

**शिमला :** शिमला जिले में 17 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामदगी से जुड़े मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। करीब एक महीने तक चली जांच के बाद पुलिस ने मंडी जिले के करसोग क्षेत्र से जगत राम उर्फ जग्गू को गिरफ्तार किया है। जांच में उसकी भूमिका चिट्टे की खेप की खरीद और उपलब्ध कराने में सामने आई है। पुलिस के अनुसार थाना सुन्नी में 13 मई को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने 17 ग्राम चिट्टा बरामद किया था। शुरूआती जांच के दौरान महेश कुमार और मनोरमा देवी को गिरफ्तार किया गया था। दोनों आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। मामले की आगे की जांच के दौरान पुलिस ने मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त से जुड़े वित्तीय लेन-देन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की पड़ताल की। जांच में पता चला कि करसोग के भथल निवासी 34 वर्षीय जगत राम उर्फ जग्गू का पहले से गिरफ्तार आरोपी महेश कुमार के साथ वित्तीय लेन-देन हुआ था। इसके अलावा चिट्टे की इस खेप की खरीद और उपलब्धता के दौरान दोनों के बीच लगातार संपर्क और सांठगांठ के भी साक्ष्य मिले हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान जुटाए गए वित्तीय और तकनीकी साक्ष्यों से यह स्पष्ट हुआ कि जगत राम की इस पूरे मामले में अहम भूमिका रही है। जांच में यह भी सामने आया कि उसने महेश कुमार और मनोरमा देवी की मदद से चिट्टे की उक्त खेप की खरीद की थी। इन तथ्यों के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 16 जून 2026 को सनारली, करसोग से उसे गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने बुधवार को बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया जा रहा है। मामले में यह पता लगाने के लिए जांच जारी है कि नशे की खेप कहां से लाई गई थी और इसके नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हो सकते हैं। उनका कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े मामलों में जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है और सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

### चौपाल में खाई में गिरी कार, चालक की मौत

**शिमला :** शिमला जिले के चौपाल उपमंडल में एक कार दुर्घटना में चालक की मौत हो गई है। पुलिस ने हादसे के संबंध में लापरवाही और तेज रफ्तार से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार यह मामला सुमित पंता पुत्र यशपाल पंता निवासी झिकनीपुल, तहसील चोपाल, जिला शिमला के बयान पर दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया है कि 16 जून की रात करीब साढ़े आठ बजे झिकनीपुल-बाग मार्ग पर कार संख्या ल्ढ08अ-1222 दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाहन सड़क से अनियंत्रित होकर करीब 30 से 40 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि हादसा वाहन चालक की कथित तेज और लापरवाहीपूर्ण ड्राइविंग के कारण हुआ। दुर्घटना में चालक रमण कुमार पुत्र केशव राम निवासी गांव रुसलाह, डाकघर रुसलाह, तहसील नेरवा, जिला शिमला गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेरवा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में भारतीय न्याय संहित (बीएनएस) की धारा 281 और 106(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद आज परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं, हादसे के सभी पहलुओं की जांच कर रही है और दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### हिमाचल में 22 जून तक आंधी-बारिश का अलर्ट, तीन दिन ओलावृष्टि की चेतावनी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में मौसम का मिजाज अगले छह दिनों तक बदला-बदला रहने वाला है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 22 जून तक प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गरज-चमक, तेज हवाओं और बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं 17 से 19 जून तक कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की आशंका को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इससे सेब, आड़ू, प्लम, खुबानी जैसे गुठलीदार फलों और मौसमी सब्जियों को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। प्रदेश में पहले भी कई बार ओलावृष्टि से बागवानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है।बुधवार सुबह शिमला में मौसम मिला-जुला रहा। शहर के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहे तो बीच-बीच में धूप भी निकलती रही। प्रदेश के अन्य इलाकों में भी कहीं बादल तो कहीं धूप का दौर देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार आज अलग-अलग स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं, गरज और बिजली गिरने की संभावना है। 18 व 19 जून को भी यही स्थिति बनी रहेगी और कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है 20, 21 और 22 जून को गरज-चमक और तेज हवाओं का येलो अलर्ट जारी रहेगा। 23 जून को मौसम अपेक्षाकृत शांत रहने का अनुमान है। बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक 60.1 मिलीमीटर वर्षा कटौला में हुई। इसके अलावा मंडी में 37.2 मिमी, जोगिंद्रनगर में 16.0 मिमी, पंडोह में 15.8 मिमी, बग्गी में 12.0 मिमी, भुंतर में 8.6 मिमी, रामपुर में 3.3 मिमी, कुफरी में 3.0 मिमी, जौत और गोहर में 2-2 मिमी, सियोबाग में 1.8 मिमी तथा शिमला में 1.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। शिमला, जुब्बड़हट्टी, कांगड़ा, भुंतर, सुंदरनगर और कुफरी में गरज-चमक की गतिविधियां भी रिकॉर्ड की गईं। नेरी में 37 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चली। न्यूनतम तापमान की बात करें तो सबसे कम 6.8 डिग्री सेल्सियस कुकुमसेरी में दर्ज किया गया। इसके बाद कल्पा 10.0, केलांग 10.1, ताबो 10.9, मनाली 12.5, कुफरी 12.9, सियोबाग 14.5, शिमला 16.2, धर्मशाला 16.7, सोलन 17.6, भुंतर 17.8, सराहन 18.3, नाहन 18.3, पालमपुर 18.5, जुब्बड़हट्टी 18.6, सुंदरनगर 19.0, ऊना 19.0, चंबा 19.0, मंडी 19.5, बरठीं 20.2, कांगड़ा 21.6, बिलासपुर 22.0, नेरी 22.1, देहरा गोपीपुर 25.0 और पांवटा साहिब 26.0 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का कहना है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा लगातार आगे बढ़ रही है। अनुकूल परिस्थितियां बनी रहीं तो मानसून 25 जून के आसपास हिमाचल प्रदेश में दस्तक दे सकता है। सामान्य तौर पर शिमला में मानसून जून के अंतिम सप्ताह में पहुंचता है।

### राजौरी के जंगलों में 'ऑपरेशन शेरूवाली' का 26वां दिन; सुरक्षा बलों ने आतंकवाद-विरोधी तलाशी अभियान किया तेज

**राजौरी :** राजौरी ज़िले के मंजाकोट सेक्टर में गंभीर मुगलान इलाके के घने डोरीमल जंगलों में 'ऑपरेशन शेरूवाली' बुधवार को अपने 26वें दिन में प्रवेश कर गया। यह हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में चल रहे सबसे लंबे समय तक चलने वाले आतंकवाद-विरोधी अभियानों में से एक बन गया है। सुरक्षा बलों ने मुश्किल पहाड़ी और जंगली इलाकों में तलाशी और घेराबंदी के अभियान तेज कर दिए हैं। यह ऑपरेशन डोरीमल की ऊबड़-खाबड़ और घने जंगलों वाली पहाड़ियों में चलाया जा रहा है जहाँ खड़ी ढलान पथरीले पहाड़ और घनी वनस्पति जमीन पर मौजूद सैनिकों के लिए बड़ी चुनौतियाँ पैदा कर रहे हैं। मुश्किल हालात के बावजूद सुरक्षाकर्मी पूरी तरह सतर्क हैं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि का पता लगाने के लिए पूरे जंगल इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चला रहे हैं। ऑपरेशन के तहत निगरानी और इलाके पर नियंत्रण बनाए रखने के उपाय भी जारी हैं।

न्यूज IN ब्रीफ

## देवघर अर्थात भोलेनाथ की नगरी बाबाधाम भोले नाथ का दर्शन कर हर्षित होता मन



**बिनय मिश्रा :** बाबा बड़े दयालु हैं कृपालु हैं भक्तजनों की पीड़ा और कष्ट को दूर करते हैं तुरंत बाबाधाम में भक्तजन असीम आनंद की अनुभूति पाते हैं। बाबा के दरबार में पहुंच कर भक्ति श्रद्धा और निष्ठा असीम रुप से साथ होता है। बाबा भक्तजनों की सुधि लेते हैं और उनका कष्ट और पीड़ा को खत्म करते हैं। बाबा के द्वार पहुंच कर जो अद्भुत और अलौकिक भक्ति और शक्ति दिखाई पड़ती है इसके फलस्वरूप स्वतः ही बाबा को समर्पित ये गीत गुंजायमान होता है

चल भोले के द्वार चल
होगा बेड़ा पार चल

## सिमडेगा पुलिस द्वारा अवैध शराब एवं अड्डेबाजी के विरुद्ध लगातार कार्रवाई



**सिमडेगा :** पुलिस द्वारा बाजार, हाट, पार्क एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अवैध शराब के निर्माण, बिक्री तथा अड्डेबाजी के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सिमडेगा थाना एवं पीसीआर गश्ती दल द्वारा डेली मार्केट, कॉलेज टुंगरी के पीछे तथा अन्य विभिन्न स्थानों पर छापामारी अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान पुलिस दल को देखकर अवैध शराब की बिक्री कर रही कुछ महिलाएं शराब छोड़कर मौके से फरार हो गईं। पुलिस द्वारा मौके पर उपलब्ध अवैध शराब को जब्त कर नियमानुसार विनष्ट कर दिया गया।

सिमडेगा पुलिस आम जनता से अपील करती है कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं सेवन जैसी गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा सके। जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा सार्वजनिक स्थलों को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## अवैध हथियार रखने के आरोपी को मिली जमानत

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र स्थित गोपाल मैदान के पास से अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार आकाश गोराई की जमानत अर्जी बुधवार को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश की अदालत से मंजूर हो गई। बचाव पक्ष से अधिवक्ता आनंद झा ने अदालत में चेकिंग के दौरान पुलिस ने आकाश गोराई को पिस्तौल के साथ पकड़कर जेल भेजा था। पूछताछ में आकाश ने साहिबगंज जेल में बंद गैंगस्टर हेते द्वारा पिस्टल देने की जानकारी पुलिस को दी गई थी, जिसे पहले ही जमानत मिल चुकी है।

## टीबी मरीजो को कल रेडक्रॉस में मिलेगा पोषण किट

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गुरुवार को साकची रेडक्रॉस भवन में पोषण किट का वितरण होगा। रेड क्रॉस के सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया कि पिछले 47 महीने लगातार विभिन्न संस्थाओं और कंपनियों के सीएसआर कार्यक्रम के तहत टीबी मरीजो को एक माह का पोषण किट मुहैया कराने का अभियान जारी है। इधर, रेडक्रॉस सोसाईटी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 3 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन 19 से 21 जून तक संध्या 4 बजे से 6 बजे तक 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए किया जाएगा।

## आसनसोल से मेमू ट्रेन 20 को नहीं आएगी टाटानगर

**जमशेदपुर :** आसनसोल मेमू ट्रेन 20 जून शनिवार को टाटानगर नहीं आकर आद्रा से अपडाउन करेगी। आद्रा में लाइन ब्लॉक के कारण दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से यह आदेश हुआ है। 17 जून बुधवार को भी आसनसोल मेमू ट्रेन टाटानगर नहीं आई थी। इससे कोल्हान व पश्चिम बंगाल के डेढ़ दर्जन से ज्यादा छोटे स्टेशनों के ग्रामीण यात्रियों को आवागमन में दिक्कत हुई। आद्रा लाइन ब्लॉक को लेकर खड़गपुर, भोजुडीह व चंद्रपुरा समेत अन्य मार्ग की भी लोकल ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो रहा है।

## रांची में 9 व 10 मुहर्रम को निकलेगा रवायती जुलूस, कर्बला चौक पर लगेगा मेला

गुलाम शाहिद/ रांची : इस्लामी कैलेंडर के अनुसार मुहर्रम 1448 हिजरी का आगाज 17 जून 2026 से हो गया है। चांद नजर आने के बाद नए इस्लामी वर्ष का पहला महीना मुहर्रम शुरू हो गया। इस अवसर पर उलमा-ए-किराम ने देश व दुनिया में अमन, शांति, खुशहाली और इंसानियत की भलाई के लिए दुआ की तथा सभी लोगों की जिंदगी में खैर व बरकत की कामना की।

उलमा ने मुसलमानों से अपील की है कि मुहर्रम के पाक महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें, नफ्ल नमाज अदा करें, रोजा रखें और हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) तथा शहीदान-ए-कर्बला की कुर्बानियों से सबक हासिल करें। उन्होंने कहा कि मुहर्रम का महीना त्याग, सब्र, इंसाफ और सच्चाई के रास्ते पर चलने का संदेश देता है।

जानकारी के अनुसार 10 मुहर्रम यानी आशूरा 26 जून 2026 को मनाया जाएगा। रांची के हिंदपीढ़ी स्थित धवताल अखाड़ा से 9 एवं 10 मुहर्रम को पारंपरिक रवायती जुलूस निकाला जाएगा। वहीं कर्बला चौक पर मेले का आयोजन होगा, जहां बड़ी संख्या में अकीदतमंदों और नागरिकों के पहुंचने की उम्मीद है।

शहर के विभिन्न मोहल्लों और अखाड़ों से दसवीं मुहर्रम तक जुलूसों का सिलसिला जारी रहेगा। मुहर्रम के आयोजन को लेकर सेंट्रल मुहर्रम कमिटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कमिटी के पदाधिकारी विभिन्न अखाड़ों, प्रशासनिक अधिकारियों और सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं।

उलमा और समाज के जिम्मेदार लोगों ने लोगों से आपसी भाईचारा, सौहार्द्र और अनुशासन बनाए रखने की अपील करते हुए मुहर्रम के कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग देने का आह्वान किया है।

# 8 दिनों से अंधेरे में हरिजन स्कूल पर स्थित ट्रांसफार्मर के उपभोक्ता, बिजली संकट से जनता बेहाल, आंदोलन की चेतावनी

मेट्रोरेज संवाददाता

**मेदिनीनगर :** हुसैनाबाद शहर के हरिजन स्कूल के पास स्थित ट्रांसफार्मर से पिछले आठ दिनों से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप रहने के कारण सैकड़ों परिवार अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी के बीच बिजली नहीं रहने से पेयजल संकट गहरा गया है और लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर क्षेत्र में होने के बावजूद आठ दिनों तक समस्या का समाधान नहीं होना विभागीय कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों और उपभोक्ताओं के अनुसार उन्होंने पहले ही 200 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर की मांग की थी, लेकिन विभाग ने 100 केवीए का रिपेयर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। आरोप है कि अधिक लोड के कारण ट्रांसफार्मर का फ्यूज व जमफड़ कुछ ही मिनटों में बार-बार



उड़ जा रहा है, जिससे आपूर्ति बहाल नहीं हो पा रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि बिजली संकट के कारण पानी की आपूर्ति प्रभावित है, उपभोक्ताओं का आरोप है कि विभाग को लगातार सूचना देने के बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे लिखित सूचना देकर जपला विद्युत कार्यालय का घेराव करेंगे और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन शुरू करेंगे। लोगों ने कहा कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि स्थायी समाधान की आवश्यकता है। लोगो ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर भी नजर अंदाज करने आरोप लगाया है लोगो ने कहा की जप्रतिनिधि जो जब चुनाव में वोट की जरुरत होती है तो जनता के पास आते है उसके बाद जनता किस हालत में है कोई देखने वाला नहीं है। विभाग आश्वासन के आलावा कुछ नहीं कर रही है।

## जपला आरपीएफ के नए निरीक्षक प्रभारी संतोष कुमार झा ने दिया योगदान

### अपराध मुक्त रेल और यात्री सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता : इंस्पेक्टर

मेट्रोरेज संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जपला रेलवे के आरपीएफ पोस्ट के नवपदस्थापित निरीक्षक प्रभारी संतोष कुमार झा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में योगदान देकर पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालने के उपरांत उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया और क्षेत्र में रेल यात्रियों की सुरक्षा तथा रेल संपत्ति की रक्षा को लेकर कड़े संकल्प दोहराए।योगदान देने के पश्चात पत्रकारों से मुखातिब होते हुए प्रभारी निरीक्षक श्री झा ने कहा कि उनकी सबसे पहली प्राथमिकता रेल यात्रियों को एक सुरक्षित और भयमुक्त माहौल प्रदान करना है। उन्होंने कहा की रेलवे परिसर और ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। रेल संपत्ति को



नुकसान पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।उन्होंने कहा कि रेल यात्रा के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाइन 139 पर दिए गए सूचना का त्वरित निष्पादन किया जाएगा।

कार्यभार संभालने के बाद इंस्पेक्टर ने पोस्ट के अधीनस्थ सभी अधिकारियों और जवानों के साथ एक परिचय बैठक की। इस बैठक में उन्होंने वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों, विशेषकर महिला और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए आरपीएफ जवानों को हमेशा तत्पर रहने का निर्देश दिया।नवनियुक्त प्रभारी ने आम जनता और रेल यात्रियों से भी सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी यात्री को यात्रा के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु, संदिग्ध व्यक्ति या किसी भी प्रकार की परेशानी नजर आए, तो वे तुरंत आरपीएफ को सूचित करें या रेलवे के आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

### बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा कोडरमा पहुंचे

## पुलिस पदाधिकारियों को लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

संवाददाता

**कोडरमा :** बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर कोडरमा पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक सभागार में पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। कोडरमा पहुंचने पर आईजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, इसके बाद एसपी कुमार शिवाशीष ने बुके देकर उनका स्वागत किया।

**त्वरित जांच करने के लिए आईजी ने निर्देश दिए**

तकरीबन 2 घंटे तक जोनल आईजी ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें कई दिशा निर्देश भी दिए। हाल के दिनों में कोडरमा जिले में बढ़ रहे अपराध पर लगाम लगाने के साथ लंबित मामलों के त्वरित अनुसंधान को लेकर भी उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को कई निर्देश दिए।

**थाना दिवस आयोजित करने का सुझाव**



कोडरमा जिले में जमीन विवाद के कारण कई आपराधिक घटनाएं हुई हैं, जिसके निष्पादन के लिए उन्होंने अलग-अलग थानों में नियमित अंतराल पर थाना दिवस आयोजित करने और जमीन विवाद से जुड़े आपराधिक मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया।

**विवाद को क्रिमिनल मोड़ नहीं लेना चाहिएः आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा**

पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए आईजी ने पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जोनल आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि थाना दिवस में पुलिस अधिकारियों के साथ अंचल अधिकारी और कर्मी भी बैठेंगे और आम लोगों से जुड़े जमीन विवाद का निपटारा किया जाएगा, ताकि विवाद आपराधिक रूप ना ले सके।

## धनबाद में जन्मजात विकृतियों से प्रभावित बच्चों का इलाज, 108 चिन्हित में से 98 का सफल उपचार



संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत जिले में जन्मजात विकृतियों से प्रभावित बच्चों की पहचान एवं उनके समुचित उपचार की प्रक्रिया लगातार संचालित की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक कुल 108 बच्चों को विभिन्न जन्मजात विकृतियों से ग्रसित चिन्हित किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इनमें से 98 बच्चों का सफलतापूर्वक उपचार कराया जा चुका है। उपचार प्राप्त बच्चों में 68 बच्चे जन्मजात हृदय रोग, 12 बच्चे कटे होंठ एवं तालु (क्लेफ्ट लिप एवं पैलेट) तथा 18 बच्चे क्लब फुट (टेढ़े पैर) की समस्या से प्रभावित थे। विभाग ने बताया कि शेष 10 बच्चे फॉलो-अप प्रक्रिया में हैं। उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

गंभीर चिकित्सकीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बच्चों को देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों से जोड़कर पूरी तरह निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया गया। जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का उपचार सत्य साईं हॉस्पिटल, रायपुर एवं अमृता हॉस्पिटल, कोच्चि में सफलतापूर्वक किया गया। वहीं कटे होंठ एवं तालु से प्रभावित बच्चों का इलाज देवकमल हॉस्पिटल, रांची में संपन्न हुआ। क्लब फुट से पीड़ित बच्चों का सुधारात्मक उपचार के सहयोग से एस।एन।एम।एम।सी।एच। (शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल), धनबाद में कराया गया।

जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से जन्मजात विकृतियों की समय रहते पहचान कर प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इस पहल से न केवल बच्चों को स्वस्थ एवं बेहतर जीवन की नई उम्मीद मिली है, बल्कि उनके परिवारों को भी मानसिक और आर्थिक राहत प्राप्त हुई है।

## जमशेदपुर में ताबड़तोड़ गोलीबारी, गले को छेदते हुए पीठ से निकल गई गोली, हिरासत में एएसआई

संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के उलीडीह थाना क्षेत्र के बालीगुमा में मंगलवार रात लगभग साढ़े 11 बजे फायरिंग में देवदास गौड़ नामक युवक घायल हो गया। गोली उसके गले को छेदते हुए पीठ से निकल गई। घटना के बाद साथी उसे लेकर एमजीएम अस्पताल पहुंचे, जहां उपचार के बाद स्थिति खतरे से बाहर है। वह सरायकेला जिले के राजनगर का रहनेवाला है।

इधर, पुलिस ने घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे देवाशीष पोद्दार और नीरज प्रधान के अलावा आरआईटी थाना में पदस्थापित एएसआई पंकज कुमार को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार तीनों अलग-अलग बयान दे रहे हैं, जिससे मामला और उलझ गया है। फिलहाल, पुलिस जांच कर रही है।

घायल देवदास गौड़ ने बताया कि वह राजनगर का रहने वाला है। अपने भाई देवाशीष के साथ बालीगुमा आया था। हालांकि, उसने कहा कि रात में क्या हुआ कुछ याद नहीं है। उसके बयान से भी पुलिस को घटना की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है।

एमजीएम थाना प्रभारी सचिन दास ने बताया कि पूछताछ में शामिल सभी लोग नशे की हालत में थे और लगातार अपने बयान बदल रहे हैं। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि नशा करने के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद गोली चली। गोली किसने चलाई और उसका उद्देश्य क्या था, इसका खुलासा अभी नहीं हो सका है। पुलिस घटनास्थल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

## मोहर्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी शुरू, सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की हुई बैठक

संवाददाता

**रांची :** सेंट्रल मोहर्रम कमेटी, रांची के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक गुरुवार को मेन रोड स्थित मधुबन मार्केट में आयोजित की गई। बैठक मुख्य सरपरस्त मोहम्मद सईद की सरपरस्ती तथा कमेटी के अध्यक्ष जमशेद अली उर्फ पप्पू गद्दी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

कमेटी के प्रवक्ता मोहम्मद इसलाम ने बताया कि बैठक में आगामी मोहर्रम 2026 को पूरे जोश, उत्साह एवं आपसी सौहार्द के साथ ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। जुलूस के सफल संचालन के लिए विभिन्न क्षेत्रों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई तथा उनके सहयोग हेतु कमेटी के पदाधिकारियों को विशेष



जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बैठक में समय की पाबंदी सुनिश्चित करने के साथ-साथ माननीय उच्च न्यायालय के निदेशों, जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की ओर से जारी होने वाली गाइडलाइन का सभी अखाड़ाधारियों द्वारा सख्ती से पालन करने पर जोर दिया गया।

निर्णय लिया गया कि 18 जून 2026 को सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारी विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर वहां की समस्याओं का सूचीकरण करेंगे। इसके बाद 19 जून को नगर निगम प्रशासक, अपर नगर निगम प्रशासक एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर संबंधित समस्याओं से अवगत कराया जाएगा तथा उनके समाधान का अनुरोध किया जाएगा।

बैठक में मोहर्रम जुलूस के सुचारू संचालन और आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से विशेष गाइडलाइन जारी करने का भी निर्णय लिया गया। यह गाइडलाइन 20 जून के बाद विधिवत रूप से सभी अखाड़ाधारियों को उपलब्ध कराई जाएगी।

बैठक में मुख्य रूप से मुख्य सरपरस्त मोहम्मद सईद, इमामबख्श अखाड़ा के प्रमुख खलीफा मोहम्मद महजूद, धवताल अखाड़ा के प्रमुख खलीफा मोहम्मद महफूज गद्दी, अध्यक्ष जमशेद अली पप्पू गद्दी, महासचिव अकीलुर्रहमान, प्रवक्ता मोहम्मद इसलाम, कार्यकारी अध्यक्ष आफताब आलम, उपाध्यक्ष अयूब राजा खान, मासूम गद्दी, मोहम्मद अफरोज, खालिद उमर, मोहम्मद शोएब खान, परवेज गुड्डू, मोहम्मद मुजाहिद, वसीम खान, बब्लू भाई, सज्जाद इदरीसी, जमील गद्दी, मोहम्मद उमर खान, मोहम्मद नईम सहित अनेक गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक का संचालन महासचिव अकीलुर्रहमान ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मद महजूद खलीफा ने किया।